रोहतक
सोमवार 12 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 249
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.9°C
न्यून. 20.0°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 यूनिसेफ की 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' बनीं स्मृति मंधाना

## खबर संक्षेप

### रामायण फिल्म का पहला भाग पांच को होगा रिलीज

मुंबई। फिल्म 'रामायण' के निर्माताओं ने घोषणा की कि दो भागों में बनने वाली इस पौराणिक



फिल्म का पहला भाग 5 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगा। इसके साथ ही निर्माताओं ने एक नया पोस्टर भी जारी किया जिसमें रणबीर कपूर, साईं पल्लवी, रवि दुबे और यश नजर आ रहे हैं। नवरात्रि के पहले दिन की गई घोषणा के साथ 'यह राम के युग का आरंभ है' का संदेश दिया गया है। निर्माताओं ने यह भी बताया कि फिल्म के लिए अग्रिम बुकिंग दशहरा से शुरू होगी। *एजेंसी*

### 84 के हुए महानायक अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन ने 11 अक्टूबर को अपना 84वां जन्मदिन बेहद



धूमधाम के साथ मनाया। इस खास मौके पर मुंबई स्थित उनके मशहूर बंगले 'जलसा' के बाहर फैंस का तांता लग गया। सुबह से ही चारों तरफ गानों की गूंज, जश्न का माहौल और फैंस का भारी उत्साह देखने को मिला। हर कोई अपने चहेते अभिनेता की एक झलक पाने और उन्हें जन्मदिन की बधाई देने के लिए बेताब नजर आया। *एजेंसी*

# दिल्ली में दूसरे दिन भी बवाल, 200 हिरासत में, सशर्त रिहा हुए दीपके

## 20 एफआईआर, पथराव की घटनाओं में पुलिसकर्मी घायल

**सीजेपी बोली, पुलिस हमें प्रदर्शन की तारीख दे, दीपके ने कहा-100 बार जेल में डालो, नहीं डरेंगे**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में दूसरे दिन भी सीजेपी का प्रदर्शन जारी रहा। दिल्ली में भारी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात रहा। 200 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली पुलिस ने अभिजीत दीपके की हिरासत वाला वीडियो रविवार को जारी कर कॉकरोच पार्टी के आरोपों को झूठा बताया। दरअसल दिन में सीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि दादी के निधन की खबर सुनकर दीपके पुलिस से बार-बार अपने कजिन से बात कराने की गुहार लगाते रहे, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। इस पर दिल्ली पुलिस ने जवाब दिया कि उन्हें हरसंभव मदद की पेशकश की गई थी। अभिजीत दीपके, अशुतोष रांका और सौरव दास रविवार को करीब 23 घंटे हिरासत में रहने के बाद सुबह 10 बजे रिहा हुए। अदालत ने तीनों को कुछ शर्तों के साथ 50-50 हजार के मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया है। इन नेताओं को अगले एक साल की अवधि तक शांति व्यवस्था बनाए रखने का स्पष्ट निर्देश दिया है। वहीं, पुलिस ने 20 एफआईआर दर्ज की हैं। पथराव की घटनाओं में कई पुलिस वाले भी घायल हुए हैं।



दीपके की दादी के निधन की सूचना पर घमासान

### दिल्ली पुलिस ने मदद वाला वीडियो जारी किया, सीजेपी के दावों को नकारा

**दीपके ने कहा था कि पुलिस ने मुझे बात नहीं करने दी**

अभिजीत दीपके की दादी के निधन और उनकी हिरासत को लेकर पुलिस और सीजेपी के बीच विवाद गहरा गया है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने रविवार को एक वीडियो जारी कर सीजेपी और दीपके की मां के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि हिरासत के दौरान उन्हें दादी के निधन की सूचना नहीं दी गई थी। पुलिस ने दावा किया है कि यह दुखद सूचना पूरी संवेदनशीलता के साथ दी गई थी और उन्हें घर जाने के लिए यात्रा सहायता का प्रस्ताव भी दिया गया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिल्ली पुलिस की डीसीपी (पीआरओ) नेहा यादव ने वीडियो जारी करते हुए बताया कि 10 अक्तूबर को हिरासत में लिए जाने के बाद अभिजीत दीपके को उनकी दादी के निधन और अंतिम संस्कार के समय की जानकारी तुरंत दे दी गई थी। पुलिस के मुताबिक, मानवीय आधार पर उन्हें गृह नगर जाने के लिए हरसंभव यात्रा सहायता देने की पेशकश की गई थी, साथ ही परिवार से बात करने का विकल्प भी दिया गया था, लेकिन दीपके ने इस प्रस्ताव को लेने से इनकार कर दिया।

**सीजेआई का विपक्षी नेताओं से मुलाकात से इनकार :** सीजेआई सूर्यकांत ने विपक्षी नेताओं से मुलाकात की मांग को ठुकरा दिया है। विपक्ष ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर ज्ञापन सौंपना चाहते थे। सीजेआई बोले यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए नेताओं को अदालत का रुख करना चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट का निर्देश**

### शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को हिरासत में न लें मेट्रो-इंटरनेट करें बहाल

दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान मेट्रो-ट्रेन सेवाएं बंद करने, इंटरनेट बाधित करने और लोगों को हिरासत में लेने से जुड़ी याचिकाओं पर रविवार को सुप्रीम कोर्ट की स्पेशल बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चलनी चाहिए। इंटरनेट बाधित नहीं होना चाहिए और लोगों की आवाजाही नहीं रोकी जानी चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि 9 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि प्रदर्शन के कारण दिल्ली मेट्रो और यहां आने वाली ट्रेनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक न लगाई जाए। इसके बावजूद शनिवार को कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हुआ।



अधिकारियों को नोटिस जारी कर मंगलवार तक मांगा जवाब

### ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया ब्लॉक का मार्च आज

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष सोमवार को दिल्ली में मार्च निकालेगा। विपक्षी सांसद जंतर-मंतर भी जा सकते हैं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी सीजेपी सूर्यकांत से मुलाकात करेंगे।

# हरियाणा की पहली टूरिस्ट पुलिस पोस्ट शुरू, 20 जवान तैनात रहेंगे

**सीएम ने किया उद्घाटन, 100 सीसीटीवी से निगरानी, श्रद्धालुओं की सुरक्षा होगी मजबूत, मंदिर परिसर में ही दर्ज होंगी शिकायतें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

हरियाणा पुलिस ने धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंचकूला स्थित श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर में हरियाणा की पहली टूरिस्ट पुलिस पोस्ट का उद्घाटन किया। आधुनिक निगरानी प्रणाली, विशेष रूप से प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों और श्रद्धालु-केंद्रित सुविधाओं से सुसज्जित यह पोस्ट धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक अनुभव प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगी। टूरिस्ट पुलिस पोस्ट पर 20 विशेष रूप से प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की चौबीसों घंटे तैनाती की गई है। इन जवानों को सामान्य पुलिस वर्दी से अलग विशिष्ट टूरिस्ट पुलिस वर्दी प्रदान की गई है, जिससे श्रद्धालु जरूरत पड़ने पर उन्हें आसानी से पहचान सकेंगे। जवानों को विनम्र व्यवहार, प्रभावी संवाद, सॉफ्ट स्किल और विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की जरूरतों को समझने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसका उद्देश्य पुलिस और श्रद्धालुओं के बीच विश्वास को मजबूत करना तथा किसी भी परेशानी की स्थिति में उन्हें सहजता से सहायता उपलब्ध करवाना है।



### दर्शन से पार्किंग तक की मिलेगी जानकारी

टूरिस्ट पुलिस पोस्ट को एकीकृत सहायता एवं सूचना केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यहां श्रद्धालुओं को सामान्य दर्शन की कतार, वीआईपी दर्शन व्यवस्था, जूता घर, प्रसाद, लंगर और मंदिर परिसर से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### नहीं जाना होगा थाने

टूरिस्ट पुलिस पोस्ट की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक शिकायत दर्ज करवाने की सुविधा है। पहले गुमशुदगी, सामान खोने अथवा अन्य संबंधित शिकायतों के लिए श्रद्धालुओं को लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित माता मनसा देवी थाने जाना पड़ता था। अब मंदिर परिसर में ही स्थापित इस पोस्ट पर एफआईआर और रोजनामचा संबंधी सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, जिससे श्रद्धालुओं को समय पर पुलिस सहायता मिल सकेगी और शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक बनेगी।

### संदिग्ध गतिविधियों पर रहेगी नजर

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए मंदिर परिसर में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग टूरिस्ट पुलिस पोस्ट में स्थापित नियंत्रण कक्ष से की जाएगी। सक्रिय अपराधियों और संदिग्ध व्यक्तियों से संबंधित उपलब्ध जानकारी के आधार पर निगरानी को प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि जेबकतरी, चेन स्नैचिंग और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से आवश्यक घोषणाएं कर श्रद्धालुओं को जागरूक किया जाएगा। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपातस्थिति में पुलिसकर्मी तत्काल समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाएंगे।



## खबर संक्षेप

### सेवा, परोपकार और जरूरतमंदों का सहारा बनना ही सबसे बड़ा धर्म

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पंजाब के लुधियाना में ड्रीम एंड ब्यूटी चैरीटेबल ट्रस्ट के 30वें वर्षगांठ समारोह एवं सेवा सद्भावना सम्मेलन में शिरकत करते हुए ट्रस्ट द्वारा पिछले तीन दशकों से समाज के जरूरतमंद वर्गों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा, परोपकार और जरूरतमंद व्यक्ति के आंसू पोंछने की भावना ही सच्चे अर्थों में मानवता की सेवा है।मुख्यमंत्री ने विश्व शांति केंद्र के संस्थापक श्रद्धेय आचार्य लोकेश मुनि, ड्रीम एंड ब्यूटी चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन श्री अनिल मोंगा, उपस्थित बुजुर्गों, माताओं-बहनों, युवा साथियों और बच्चों का अभिवादन करते हुए कहा कि गुरुओं, संतों और महापुरुषों की पावन धरती पंजाब में आकर उन्हें आध्यात्मिक शांति का अनुभव हो रहा है। उन्होंने सभी को नवरात्रों की एवं शुभकामनाएं भी दीं।

### सिंचाई योजनाओं का हो रहा विस्तार : चौधरी

**चंडीगढ़।** सिंचाई एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने रविवार को झज्जर स्थित सिंचाई विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिंचाई विभाग की 10 महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन तथा एक परियोजना का शिलान्यास किया गया। इन 11 विकास योजनाओं की कुल लागत लगभग 37.50 करोड़ रुपये है। इन योजनाओं से जिला के विभिन्न गांवों में जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा खेतों में जलभराव और बाढ़ के पानी की निकासी में मदद मिलेगी। कार्यक्रम स्थल पर पौधारोपण भी किया गया। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम रवि मीणा व सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता सतीश कुमार ने सिंचाई मंत्री का स्वागत करते हुए जिलाभर में चल रही सिंचाई से जुड़ी योजनाओं व परियोजनाओं की जानकारी दी।

### बीटीसी भानू में हैंडबॉल के रोचक मुकाबले



**पंचकूला।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के बेसिक ट्रेनिंग सेंटर (बीटीसी), भानू में तृतीय अखिल भारतीय पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर-2026 के तहत हैंडबॉल और बास्केटबॉल की प्रतियोगिताएं उत्साह और खेल भावना के साथ जारी हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में 29 राज्यों और विभिन्न पुलिस बलों के कुल 1093 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें 746 पुरुष और 347 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 9 अक्टूबर को आईटीबीपी के अतिरिक्त महानिदेशक संजय गुंजियाल ने किया था। 10 अक्टूबर से विभिन्न खेल मुकाबले शुरू हुए। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों ने उत्साह से हिस्सा लिया।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री माता मनसा देवी मंदिर में परिवार सहित की पूजा-अर्चना

# प्रधानमंत्री मोदी युवाओं को सही दिशा दे रहे, कांग्रेस ऐसा करने में विफल रही

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ विपक्ष के प्रदर्शन पर बोले, इंडिया गठबंधन के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि देश का युवा प्रतिभाशाली है और राष्ट्र का नाम रोशन कर रहा है। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि अगर कोई युवाओं को सही दिशा दे रहा है, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। अपने परिवार के साथ श्री माता मनसा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस युवाओं को सही दिशा नहीं दे सकती।

मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि वे खुद पता लगाएं कि 2014 से पहले उनके समय में देश की क्या स्थिति थी। उन्होंने ने कहा, अगर कोई उन्हें सही दिशा दे सकता है या दे रहा है, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में विपक्षी गठबंधन इंडिया के सांसदों के प्रदर्शन पर सैनी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है। उनके पास कोई वास्तविक मुद्दा नहीं है, इसलिए वे झूठ बोलकर और भ्रम फैलाकर लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर हमला बोलते हुए सैनी ने कहा, हमारे युवाओं को 2014 से पहले की स्थिति के बारे में नहीं पता है। उस समय लोगों को रसोई गैस के सिलेंडर के लिए तीन-तीन दिनों तक कतार में खड़े रहना पड़ता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 12 वर्षों में इन व्यवस्थागत कमियों को दूर किया है और देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में प्रगति को बढ़ावा दिया है। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 2027 में पंजाब में भाजपा सरकार : नायब सैनी

पंजाब विधानसभा चुनावों से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्वास जताया कि 2027 में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब के युवा, महिलाएं, किसान और गरीब वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त कर रहे हैं और भाजपा को मजबूत करना चाहते हैं। हरियाणा और पंजाब की स्थिति की तुलना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवा खेलों में पदक जीतकर और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं, उन्होंने पंजाब में युवाओं के बीच नशे की समस्या पर चिंता जताई और कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए प्रभावी प्रयासों की आवश्यकता है।मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने ईमानदारी के नाम पर जनता से जो वादे किए थे, उन पर वह खरी नहीं उतरी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग सरकार की असलियत को पहचान चुके हैं और उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनाने का मन बना लिया है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि विकास, पारदर्शी शासन, युवा सशक्तीकरण और जनकल्याण के मुद्दों पर भाजपा को पंजाब में जनता का समर्थन प्राप्त होगा।

### महाराजा अग्रसेन भारतीय समाज की एक महान विभूति थे : सीएम



■ मुख्यमंत्री ने पंजाब के पटियाला के पातड़ां में युवा अग्रवाल सभा को संबोधित किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के पटियाला के पातड़ां के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती के पावन अवसर पर युवा अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अहिंसा, समाजवाद और करुणा के प्रतीक महाराजा अग्रसेन के चरणों में शत-शत नमन करते हुए सभी देशवासियों को जयंती और नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी केवल अग्रवाल समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतीय समाज की एक महान विभूति थे, जिन्होंने अपने राज्य में 'एक ईंट और एक सोने की मोहर' जैसी अनूठी और दूरदर्शी परंपरा की शुरुआत की थी ताकि हर नया परिवार आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने पशु बलि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर मानव इतिहास में अहिंसा का सामाजिक नियम स्थापित किया। सैनी ने कहा कि अग्रवाल समाज का इतिहास हमेशा से राष्ट्र निर्माण, दानशीलता और मानवता की सेवा में स्वर्णिम रहा है। उन्होंने भामाशाह से लेकर देश और दुनिया में समाज का नाम रोशन करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, संतों, साहित्यकारों और उद्योगपतियों का विशेष रूप से स्मरण किया।

## 13 आईपीएस व 22 एचपीएस अधिकारियों का तबादला

■ हामिद अख्तर को पदोन्नति के बाद रोहतक रेंज का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया

**चंडीगढ़।** सरकार ने पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए 35 पुलिस अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। शनिवार देर रात में जारी आदेशों में 13 आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) और 22 हरियाणा पुलिस सेवा (एचपीएस) अधिकारी शामिल हैं। आदेशों के तहत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव करने के साथ विभिन्न जिलों में भी नई नियुक्तियां की गई हैं। आईपीएस नवदीप विर्क मानवाधिकार आयोग में महानिदेशक नियुक्त किए गए हैं। उनके स्थान पर डॉ. माटा रवि किरण को हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो का अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। उन्हें सतर्कता एवं सुरक्षा निदेशक की जिम्मेदारी भी सौंपी है।

**बालन को महानिरीक्षक की जिम्मेदारी:** वरिष्ठ आईपीएस बी सतीश बालन को रेलवे एवं कमांडो का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया है। वे अभी तक एसटीएस के चीफ की भूमिका में थे। वहीं, मनीष चौधरी को पंचकूला में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का पुलिस महानिरीक्षक बनाया है। उनके पास जेल विभाग के पुलिस महानिरीक्षक का अतिरिक्त कार्यभार भी है। इस बदलाव में सिमरदीप सिंह को भोंडसी स्थित विशेष कार्यबल (एसटीएफ) का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया है। लोकायुक्त अधीक्षक का पद अब धीरज कुमार के पास रहेगा। पुलिस मुख्यालय में धीरज कुमार को पुलिस अधीक्षक के तौर पर नियुक्त किया गया है। उनके पास हरियाणा लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त कार्यभार रहेगा। सुमित कुमार को मानेसर स्थित चौथी आईआरबी बटालियन के अतिरिक्त कमांडेंट की जिम्मेदारी सौंपी है। वह यह कार्यभार अपने वर्तमान दायित्वों के अतिरिक्त संभालेंगे। विक्रांत भूषण को सोनीपत गोहाना पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) नियुक्त किया है। वहीं, जितेंद्र गहलावत को सोनीपत में अपराध शाखा का पुलिस उपायुक्त लगाया गया है। हितेश यादव को बहादुरगढ़ से स्थानांतरित कर गुरुग्राम में यातायात पुलिस उपायुक्त नियुक्त किया गया है।उनके पास गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की एमईआरसी शाखा का अतिरिक्त कार्यभार भी रहेगा।

**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियुक्त:** चार आईपीएस अधिकारियों को उनके वर्तमान वेतनमान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। इनमें दिव्यांशी सिंगला को फतेहाबाद, दीपिका अग्रवाल को रेवाड़ी, हर्षित गोयल को पानीपत और मयंक मुद्गिल को हिसार में तैनात किया गया है।

### संत नामदेव समाज सम्मेलन की तैयारियां तेज, सीएम सैनी होंगे मुख्य अतिथि



**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले संत नामदेव समाज ने चंडीगढ़ में अपनी ताकत और एकजुटता दिखाने की तैयारी तेज कर दी है। 18 अक्टूबर को सेक्टर-21 स्थित संत नामदेव भवन में होने वाला समाज का वार्षिक धार्मिक सम्मेलन सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ समाज की साझा आवाज को बुलंद करने का मंच बनेगा। सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन को लेकर समाज के प्रतिनिधि पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को सम्मेलन का निमंत्रण दिया।

## छात्राओं के यौन उत्पीड़न के मामले में कांग्रेस की चुप्पी शर्मनाक : डॉ. गुप्ता

**पंचकूला।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की 11 छात्राओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े गंभीर मामले में कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि महिला सम्मान और सुरक्षा की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले राहुल गांधी अपनी ही पार्टी के सांसद पर लगे गंभीर आरोपों पर मौन क्यों हैं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम के खिलाफ विश्वविद्यालय स्तर पर गंभीर कार्रवाई होने के बावजूद कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी उसकी कथनी और करनी के अंतर को उजागर करती है। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि 9 अक्टूबर को जेएनयू की आंतरिक समिति ने छात्राओं के यौन उत्पीड़न और अंकों के बदले यौन संबंध बनाने की पेशकश से जुड़े आरोपों को सही पाते हुए संबंधित सांसद के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की।

### भाजपा महिला मोर्चा का नारी शक्ति हुंकार आंदोलन आज



डॉ. अर्चना गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा सोमवार को नई दिल्ली में 'नारी शक्ति हुंकार आंदोलन' के तहत विशाल विरोध प्रदर्शन करेगा। महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी और महिला मोर्चा प्रभारी दग्गुबाती पुरंदेश्वरी के नेतृत्व में पार्टी की महिला सांसद, विधायक और हजारों महिला कार्यकर्ता इस आंदोलन में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के लिए महिला कार्यकर्ता सुबह 11 बजे तक आईटीओ के पास दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित आंध्र सोसाइटी विद्यालय में एकत्रित होंगी। कार्यक्रम सुबह 11:15 बजे प्रारंभ होगा। इसके बाद कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' की ओर विरोध मार्च निकालेंगी।

## नूंह में आर्बिटल रेल कॉरिडोर टनल धंसी

■ 500 मीटर से अधिक जमीन समाई, सरकारी स्कूल सहित दो भवनों को नुकसान



**नूंह।** उपमंडल के गांव पाटुका में हरियाणा आर्बिटल रेल कॉरिडोर की निर्माणाधीन टनल में छह दिन के भीतर दूसरी बार बड़ा धंसाव होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। शनिवार देर रात करीब नौ बजे हुए इस हादसे में तीन से चार एकड़ कृषि भूमि धंस गई और 500 मीटर से अधिक हिस्से में जमीन बैठ गई। हादसे में एक सरकारी स्कूल की इमारत का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि दो मकानों को नुकसान पहुंचा। इनमें से एक मकान पूरी तरह जमींदोज हो गया।

पहाड़ से गांव को जोड़ने वाला लेंटर का रास्ता भी बाधित हो गया, जबकि बिजली का एक बड़ा टावर भी झुक गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात ग्रामीणों ने अचानक तेज आवाज सुनी। बाहर निकलकर देखा तो खेतों में बड़ा गड्ढा बन चुका था, जो लगातार बढ़ता गया। रात में करीब 300 मीटर तक जमीन धंस गई थी, जिसका दायरा रविवार सुबह तक 500 मीटर से अधिक हो गया। निर्माणाधीन मकान पर शटरिंग लगी हुई थी, जो हादसे में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उस समय मकान में कोई मौजूद नहीं था।

### विशेषज्ञों ने संभाला मोर्चा

धंसाव के कारण जामनगर से लोनी, गाजियाबाद तक जाने वाली गेल कंपनी की गैस पाइपलाइन भी मिट्टी से बाहर निकल आई। हालांकि, पाइपलाइन में गैस रिसाव नहीं हुआ। गेल कंपनी के करीब दो दर्जन अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचकर पाइपलाइन को सुरक्षित करने में जुट गई।

## दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे पर कनेक्टिविटी का काम शुरू

■ केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने किया कार्य का शुभारंभ, छह माह में पूरा होगा निर्माण कार्य

**नूंह।** केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह ने रविवार को नवरात्रों के पहले दिन जिला नूंहवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे पर गांव उजीना के पास दिल्ली की ओर आने - जाने के लिए कनेक्टिविटी के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आगामी छह माह में यह कार्य पूरा हो जाएगा, जिसके बाद जिला नूंह के लोगों को दिल्ली आने - जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गांव उजीना के पास दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे पर जयपुर और बड़ोदरा की ओर जाने तथा वहां से उतरने के लिए कनेक्टिविटी पहले से उपलब्ध थी, लेकिन दिल्ली की ओर आने-जाने के लिए कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने क्षेत्रवासियों की इस पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में कदम उठाया है और कनेक्टिविटी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके पूरा होने से जिला नूंह के लोगों को दिल्ली की ओर आवागमन आसान हो जाएगा।

### माता मनसा देवी में नवरात्र के पहले दिन 25 लाख चढ़ावा

**पंचकूला।** अश्विन नवरात्र मेले के पहले दिन पंचकूला के तीन प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्री माता मनसा देवी मंदिर, श्री काली माता मंदिर कालका और चंडी माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने कुल 25 लाख 10 हजार 85 रुपये चढ़ावे के रूप में अर्पित किए। इस दौरान तीनों मंदिरों में कुल 62,200 श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। मंदिर प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा व व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन करने में परेशानी न हो। श्री माता मनसा देवी मंदिर में 47 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और 20 लाख 43 हजार 374 रुपये चढ़ावा चढ़ाया। इसके अलावा मंदिर में चांदी के चार नग भी अर्पित किए गए।

## हरियाणा पर्यटन निगम के होटल राजहंस-सनबर्ड में वित्तीय गड़बड़ी

### फर्जी चेक से 95.55 लाख ट्रांसफर का आरोप, केस दर्ज

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड स्थित हरियाणा पर्यटन निगम के होटल राजहंस और सनबर्ड टूरिस्ट रिजॉर्ट के बैंक खातों में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। आरोप है कि अधिकृत अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर चेक के माध्यम से सरकारी खजाने के 95 लाख 55 हजार 941 रुपए दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। शिकायत मिलने के बाद सूरजकुंड थाना पुलिस ने धोखाधड़ी और गबन से संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। होटल राजहंस के सहायक महाप्रबंधक और फरीदाबाद जोन के जोनल हेड हरविंदर सिंह यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2025 में पर्यटन विभाग के विभिन्न कॉम्प्लेक्स से फर्जी चेक के जरिए रकम निकाले जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद विभाग के चंडीगढ़ मुख्यालय ने मामले की पड़ताल के लिए एक जांच कमेटी बनाई। इसमें मुख्य लेखा अधिकारी, मुख्य अभियंता और महाप्रबंधक को शामिल किया गया था। जांच कमेटी की रिपोर्ट में हुआ खुलासाकमेटी ने 3 अगस्त 2026 को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान होटल राजहंस और सनबर्ड टूरिस्ट रिजॉर्ट के बैंक खातों में हुए संदिग्ध लेनदेन का उल्लेख किया गया। शिकायत के अनुसार, चेक पर अधिकृत अधिकारियों के हस्ताक्षर की नकल कर रकम दूसरे बैंक खातों में भेजी गई।

**145 चेक के लेनदेन की जांच होगी:** शिकायत में दोनों पर्यटन इकाइयों के बैंक खातों से संबंधित कुल 145 चेक का ब्योरा दिया गया है। इन चेक के जरिए अलग-अलग तारीखों पर हजारों रुपए से लेकर दो लाख रुपए तक की रकम निकाले जाने का आरोप है। सभी लेनदेन को जोड़कर कथित गबन की राशि 95,55,941 रुपए बताई गई है। शिकायत में तत्कालीन अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के तौर पर डीजीएम उमा शंकर भारद्वाज और लेखा पर्यवेक्षक नरेश अरोड़ा के नाम का उल्लेख किया गया है।

## गेस्ट टीचर्स का धरना समाप्त, आज मुख्यमंत्री सैनी से करेंगे मुलाकात

शिक्षक मांगों को लेकर जिंदल चौक पर धरना दे रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बारिश के बीच प्रदर्शन करते गेस्ट टीचर्स।

अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर से आए गेस्ट टीचरों का कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास से कुछ दूरी पर जिंदल चौक पर जारी धरना समाप्त किया गया। आज गेस्ट टीचर्स चंडीगढ़ में शाम 5 बजे मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे।

### बारिश में भी डटे

बारिश के बावजूद शिक्षक धरनास्थल पर डटे रहे। बारिश से बचने के लिए उन्होंने आसपास लगे फ्लेक्सों का सहारा लिया, लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे घर वापस नहीं लौटेंगे। गेस्ट टीचरों ने सरकार से उनकी मांगों पर जल्द निर्णय लेने की अपील की।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपने भविष्य और सेवा से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। धरने का नेतृत्व कर रहे गेस्ट टीचरों के प्रधान दिनेश यादव ने कहा कि दूसरे दिन भी सरकार और प्रशासन की ओर से उनसे बातचीत नहीं की गई है। उन्होंने सरकार से मांगों पर बातचीत कर समाधान निकालने की अपील की।

## लूट केस जांच में लापरवाही के आरोप में थाना प्रभारी सस्पेंड

■ हाईकोर्ट के सवालों के बाद एसपी करनाल की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

पुराने आपराधिक मामले में पुलिस की कार्रवाई और अदालत के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक करन गोयल, आईपीएस ने सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक रोहताश को निलंबित कर दिया है।

संबंधित मामला वर्ष 2001 में दर्ज लूट और हथियारों से जुड़े मुकदमे से संबंधित बताया गया है। मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामला सिटी थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 679 से जुड़ा है। इसे 11 दिसंबर 2001 को दर्ज किया गया था। मुकदमे में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 393, 397 और 394 के अलावा शस्त्र अधिनियम की धाराएं 25, 54 और 59 लगाई गई थीं। मामले में लूट और हथियारों से संबंधित आरोप थे। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अदालत ने दोनों आरोपियों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई थी।

### हाईकोर्ट की सख्ती, सवालों को जवाब नहीं दे पाए जिले के आला अधिकारी



इंस्पेक्टर रोहताश

इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से पुलिस से कई बार जवाब मांगा गया। खबर के अनुसार, पुलिस की ओर से दिए गए जवाबों से अदालत संतुष्ट नहीं हुई। इसके बाद 14 अक्तूबर 2026 को पुलिस अधीक्षक करनाल को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए गए। मामला पुराने मुकदमे में पुलिस की कार्रवाई और अदालत के सवालों का संतोषजनक जवाब देने में हुई कथित चूक से जुड़ा है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक रोहताश को निलंबित कर दिया। रोहताश करनाल के सिटी थाने में थाना प्रभारी के पद पर तैनात थे। पुलिस विभाग की इस कार्रवाई को पुराने मुकदमे में जिम्मेदारी निभाने में हुई कथित लापरवाही से जोड़कर देखा जा रहा है। मामले में आगे की विभागीय कार्रवाई और अदालत में होने वाली सुनवाई महत्वपूर्ण रहेगी।

**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ/ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री अकबर अली श्रीमती रजिया अकबर अली क्लीनिक (प्रोस्पैक्ट नं. IL10367299) | गांव रानीपुर, एच.बी. नं. 256, तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर, हरियाणा 135001 में स्थित खेवट नं. 162//147, खतौनी नं. 228, खसरा नं. 128 (0-5) में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1360 | रु. 380071/- (रुपये तीन लाख अस्सी हजार इकहत्तर केवल) | 07-07-2026 | 07-10-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 12.10.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

रोहतक, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

3

haribhoomi.com

**सुविचार**

दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती, जो दोगे वही लौटकर आएगा, फिर चाहे वह इज्जत हो या धोखा।



7 यश-गुरजपनीत और निशांत की तिकड़ी ने पलटी हारी हुई बाजी

**खबर संक्षेप**

### सीट को लेकर मेट्रो में 'मारपीट' व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन के अंदर बुजुर्गों के लिए आरक्षित सीट को लेकर हुए विवाद के दौरान कथित तौर पर थप्पड़ मारने और धक्का देने से 48 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में एक पूर्व आईएएस अधिकारी और उनके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्राथमिकी के अनुसार, घटना आठ अक्टूबर को हुई थी और मृतक की पहचान पवन शर्मा के रूप में हुई है। पवन शर्मा के साथ ट्रेन के अंदर दो आरोपियों ने मारपीट की।

### दुर्गा योजना के तहत 1300 ई-ऑटो बांटेगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार अपनी 'दुर्गा' (महिलाओं और तृतीय लिंगियों के लिए चालन, उत्थान और रोजगार) ई-ऑटो योजना' के तहत महिलाओं और तृतीय लिंगियों को 1,300 गुलाबी इलेक्ट्रिक ऑटो आवंटित करेगी। यह जानकारी परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने रविवार को दी। पहले चरण में 1,300 गुलाबी इलेक्ट्रिक ऑटो आवंटित किए जाएंगे, जिनमें से 1,170 महिलाओं के लिए और 130 ट्रांसजेंडर लाभार्थियों के लिए आरक्षित होंगे। *एजेंसी*



## ऊपरी हवा में चक्रवाती सिस्टम बनने से बदला मौसम

# प्रदेश के 5 जिलों में तेज बारिश मंडियों में धान भीगा, ठंड बढ़ी

## चार दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम, तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में रविवार को मौसम में बदलाव आया। सुबह फतेहाबाद और कैथल में बारिश हुई, जबकि दोपहर बाद अंबाला, करनाल और पंचकूला में तेज बारिश हुई। पंचकूला में काली घटाओं के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। अंबाला, करनाल, यमुनानगर और कैथल की मंडियों में रखा लाखों क्विंटन धान बारिश से भीग गया। किसान खुद ही धान की बोरियों पर तिरपाल डालते नजर आए। करनाल में सैकड़ों बोरियां पानी में डूब गईं। किसानों का कहना है कि मंडियों में रखा करीब 80 प्रतिशत धान अभी तक बिका नहीं है। बारिश में भीगने के बाद धान की बोरियों को उठाकर सूखी जगह पर शिफ्ट किया गया। कुछ किसान ट्रालियों में भरा धान वापस ले गए। इसे सुखाने के बाद दोबारा मंडी में लाया जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 15 अक्टूबर तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। वहीं, हरियाणा और आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा में एक चक्रवाती सिस्टम बना हुआ है।



कुरुक्षेत्र मंडी में भीगा धान

### 3 डिग्री गिरा अधिकतम तापमान

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा में औसत अधिकतम तापमान में पिछले दिन के मुकाबले 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। यह सामान्य से 5.5 डिग्री कम रहा। प्रदेश में सबसे अधिक 32.9 डिग्री सेल्सियस तापमान फरीदाबाद और सबसे कम 20 डिग्री तापमान भिवानी में दर्ज किया गया।

### दिन में गर्मी का असर कम

अधिकतम तापमान में गिरावट से दिन के समय गर्मी का असर कम होने की संभावना है। हालांकि, अलग-अलग जिलों में मौसम का असर अलग रह सकता है। कैथल, फतेहाबाद में बारिश होने के बाद तापमान में भी गिरावट देखने को मिली।

### 12 अक्टूबर से चलेंगी तेज हवाएं, बिजली गिरने की भी संभावना

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 12 अक्टूबर से प्रदेश में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 15 अक्टूबर तक कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

### किसान फसल की सुरक्षा के लिए करें इंतजाम

किसानों और आमजन को मौसम के पूर्वानुमान पर नजर रखने की सलाह दी गई है। आंधी और बिजली चमकने के दौरान खुले स्थानों पर जाने से बचें। वहीं, बारिश की संभावना को देखते हुए किसान खेतों और मंडियों में रखी फसल को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी इंतजाम करें।

### तैयार फसल की कटाई रुकी

बारिश का असर जनजीवन के साथ-साथ किसानों, मंडियों और बाजारों में भी देखने को मिला। खेतों में खड़ी धान की फसल भी गिर गई है जिससे उसका उत्पादन व गुणवत्ता पर असर पडेगा। बारिश के कारण खुले आसमान के नीचे रखा धान भीग गया। इससे पहले ही खरीद और उठान की प्रक्रिया में परेशानियों का सामना कर रहे किसानों की चिंता बढ़ गई। अनाज मंडियों में धान की तुलाई और उठान का काम प्रभावित हुआ। बारिश के चलते मंडी में कामकाज थम गया और धान को भीगने से बचाने के लिए किसानों व आढ़तियों को मशक्कत करनी पड़ी। वहीं, खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल की कटाई भी रुक गई। मौसम साफ नहीं होने के कारण किसानों को फसल की कटाई और मंडियों तक धान पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। *(पैकेज पेज-5 पर)*

## मौके से सुसाइड नोट बरामद

# हिसार : बेडरूम में मिला आईआईटी टॉपर का शव

**नोट में लिखा मैं जो कर रहा हूं, उसका खुद जिम्मेदार हूं**

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** शहर के पॉश इलाके पीएलए में नीलम सिनेमा के संचालक एवं कपड़ा व्यापारी नरेश जैन के 35 वर्षीय बेटे राहुल जैन का शव रविवार सुबह उसके बेडरूम में मिला। राहुल आईआईटी टॉपर था और कोचिंग सेंटर चलाने के साथ ऑनलाइन पढ़ाई भी करवाता था। घटनास्थल से गैस सिलेंडर और एक सुसाइड नोट मिलने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार, राहुल शनिवार शाम करीब चार बजे इंटरनेट पर गुब्बारों में गैस भरने वाले सिलेंडर के बारे में जानकारी तलाश रहा था। इसके बाद वह सिलेंडर लेकर घर आया था। रात को वह अपने कमरे में सोने चला गया, जबकि उसके माता-पिता दूसरे कमरे में सो रहे थे। राहुल की पत्नी अपने दो वर्षीय बेटे के साथ राजस्थान के हनुमानगढ़ स्थित मायके गई हुई थी। रविवार सुबह कमरे में राहुल मृत अवस्था में मिला। उसके मुंह पर पॉलिथीन बंधी हुई थी और कमरे में सिलेंडर भी मिला।



### माता-पिता को अपना ध्यान रखने को कहा

राहुल ने एक पन्ने पर चार लाइन का सुसाइड नोट लिखा था। इसमें उसने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया। नोट में गैस से आसानी से मरने की बात लिखने के साथ माता-पिता को अपना ध्यान रखने के लिए कहा गया। उसने अपने फोन में एक वीडियो बनाए जाने का भी जिक्र किया और उसे देखने की बात लिखी।

### कुछ समय से घर पर ही रह रहा था राहुल

जानकारी के अनुसार, राहुल ने तोशाम रोड पर कोचिंग सेंटर भी खोला था और इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन कोचिंग देता था। हालांकि, कुछ समय से वह घर पर ही रह रहा था। परिजनों के अनुसार, राहुल दीक्षा लेने की बात भी करता था और दिन में ध्यान लगाता था। उसकी माता भी ध्यान करती हैं। परिवार के सदस्य उसे कारोबार से जोड़ने के बारे में भी सोच रहे थे। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

### हूती विद्रोहियों का हमला एक भारतीय की मौत

**रियाद।** सऊदी अरब की राजधानी रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को हूती विद्रोहियों ने फिर हमला किया। धमाके में एक भारतीय सहित 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। कुछ घायलों की हालत गंभीर है। मृतकों में 4 सऊदी, 2 बांग्लादेशी और अमेरिका, फिलिस्तीन, मिस्र, जॉर्डन, सीरिया और सूडान के एक-एक नागरिक शामिल हैं। *एजेंसी*



### दिल्ली में 50 लाख के 590 किलो पटाखे जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मध्य दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके में एक दुकान के ऊपर बने गुप्त कक्ष से करीब 590 किलोग्राम अवैध पटाखे जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। जब्त किये गये पटाखों की कीमत 50 लाख रुपये आंकी गई है। अधिकारी के अनुसार, पुलिस की सतर्कता शाखा ने पुख्ता सूचना के आधार पर 8 अक्टूबर को बाजार गुलियान स्थित एक दुकान पर अचानक छापा मारा। *एजेंसी*



## हार्ट में खून का थक्का जमने से हुई नाना पाटेकर की मौत

**पणजी (भाषा)।** अभिनेता नाना पाटेकर की मौत खून का थक्का जमने से दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने रिपोर्ट के आधार पर रविवार को कहा कि अभिनेता को खून का थक्का जमने के कारण दिल का दौरा पड़ा। उन्होंने कहा कि इस थक्के ने हृदय की बाईं मुख्य धमनी को बंद कर दिया, जो हृदय के एक बड़े हिस्से तक खून पहुंचाती है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण बताते हुए कहा गया है, धमनियों में वसा जमने से कोरोनरी धमनी में रुकावट के कारण बाईं मुख्य कोरोनरी धमनी में खून का थक्का जम गया, जिससे अचानक दिल का दौरा पड़ा। मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। पाटेकर (75) ने 'क्रांतिवीर' और 'खामोशीः द म्यूजिकल' समेत अलग-अलग तरह की फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से अलग पहचान बनाई थी। उन्हें आठ अक्टूबर की सुबह पणजी के पास दोना पावला स्थित उनके घर से एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां सुबह पांच बजकर 10 मिनट पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था।



पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट सामने आई

## पाक के खैबर-पख्तूनख्वा में पीटीआई की सरकार बर्खास्त

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने रविवार को खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में इमरजेंसी लगा दी और सरकार बर्खास्त कर दी। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इसकी घोषणा की। यहां इमरान खान की पार्टी पीटीआई की सरकार है। खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी पूर्व पीएम की रिहाई की मांग को लेकर समर्थकों के साथ इस्लामाबाद की ओर 4 अक्टूबर से मार्च निकाल रहे थे। अब उन्हें अपना पद छोड़ना होगा। शहबाज सरकार का आरोप है कि पीटीआई सरकार प्रांत में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जानबूझकर सहयोग नहीं कर रही है। पाक सरकार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगी। इमरजेंसी लगाने का फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई आपात कैबिनेट बैठक में लिया गया। बैठक में प्रांत की सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई। सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 232 और 234 के तहत इमरजेंसी और गवर्नर शासन लागू करने का फैसला किया। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इस कदम का विरोध किया है।



इमरजेंसी लगी राष्ट्रपति जरदारी ने घोषणा की

## अफ्रीकी देश जिबूती के पास नाव डूबने से 139 लोगों की मौत

**जिबूती सिटी (भाषा)।** अफ्रीकी देश जिबूती के तट के पास प्रवासियों से भरी नाव डूबने से 139 लोगों की मौत हो गई, जबकि 84 लोग लापता हैं। नाव में करीब 305 लोग सवार थे। हादसे में 80 से ज्यादा लोगों को बचा लिया गया है। संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संस्था के मुताबिक, सभी जीवित बचे लोग इथियोपिया के नागरिक हैं। हादसा 8 और 9 अक्टूबर की दरमियानी रात जिबूती के ओबॉक शहर के उत्तर में हुआ। हादसे के बाद अब तक 139 शव बरामद किए गए हैं। इनमें 52 पुरुष, 42 महिलाएं और 15 बच्चे शामिल हैं। बच्चों में 9 लड़कियां और 6 लड़के हैं। हादसे में बचे लोगों ने बताया कि नाव जिबूती से यमन जा रही थी। इसी दौरान वह समुद्र में पलट गई। लापता लोगों की तलाश और प्रभावित परिवारों की मदद के लिए टीमें जिबूती के अधिकारियों के साथ काम कर रही हैं।



84 लोग लापता, 305 लोग थे सवार, इथियोपिया के 80 से ज्यादा नागरिक बचाए

## दिल्ली से चेन्नई जा रहे विमान में पावर बैंक फटने से लगी आग

**नई दिल्ली (भाषा)।** इंडिगो की दिल्ली से चेन्नई जा रही फ्लाइट की हैदराबाद में इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। इस फ्लाइट में एक पैसेंजर का पावर बैंक ब्लास्ट होने से बैग में आग लग गई थी। धुआं निकलता देख यात्रियों ने क्रू को खबर दी। इसके बाद प्लेन को हैदराबाद डायवर्ट कर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। इंडिगो ने कहा कि आग लगने का पता चलते ही केबिन क्रू ने स्थिति को काबू में कर लिया। इसके बाद पायलटों ने विमान को डायवर्ट किया। इंडिगो ने बताया कि यात्रियों को चेन्नई पहुंचाने के लिए एक दूसरे विमान की व्यवस्था की गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें यात्री फायर-फायर चिल्लाते नजर आ रहे हैं। इसके बाद वहां बैठे दूसरे यात्री ओवरहेड बिन (सामान रखने वाली जगह) से सामान हटाते दिखाई दे रहे हैं।



इंडिगो फ्लाइट की हैदराबाद में इमरजेंसी लैंडिंग, यात्रियों ने धुआं निकलता देख क्रू को खबर दी

## एलपीयू के छात्र ने पीजी में फांसी लगाकर दी जान

**जालंधर (एजेंसी)।** जालंधर के पास फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के एक छात्र ने सुसाइड कर लिया। जानकारी के अनुसार, निजी पीजी में 21 वर्षीय छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। छात्र कुछ दिन पहले ही यूनिवर्सिटी का हॉस्टल छोड़कर पीजी में रहने आया था। मृतक की पहचान सियाराम पटेल के बेटे अभिषेक पटेल के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के चंदापुर गांव का रहने वाला है। एलपीयू के पास मेहरू गांव स्थित लॉ गेट इलाका छात्रों की चहल-पहल के लिए जाना जाता है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मृतक छात्र ने केवल कुछ दिन पहले ही इस पीजी को किराए पर लिया था। घटना वाले कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है या नहीं, इस बारे में पुलिस अभी आधिकारिक तौर पर कुछ भी कहने से बच रही है। पुलिस का कहना है कि छात्र निजी वजहों से डिप्रेशन में था। इसके चलते उसने आत्महत्या की है।

**निजी कारणों से चल रहा था डिप्रेशन में**

## एनटीए में सुधार को लेकर दिया बड़ा सुझाव

# परीक्षा के दिन रैलियों और जुलूसों की अनुमति न दे जिला प्रशासन : समिति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसदीय समिति ने सिफारिश की है कि अहम प्रतियोगी परीक्षाओं के दिन जिला प्रशासन को किसी भी रैली, जुलूस या जनसभा की अनुमति नहीं देनी चाहिए ताकि यातायात सुचारू रहे। कानून-व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम पहले से हों और किसी भी परीक्षार्थी को बाहरी व्यवधानों का सामना न करना पड़े। राज्यसभा सदस्य मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसद की स्थायी समिति ने राज्यसभा के सभापति को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार और उसे मजबूत बनाने से संबंधित रिपोर्ट में यह सिफारिश की। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक होने के विवाद और एनटीए में कथित प्रशासनिक खामियों के बाद आई है। इस विवाद के कारण देशभर में छात्रों ने प्रदर्शन किए थे। अंततः तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है, परीक्षा के दिन रैलियों, जुलूसों या बड़ी सभाओं के कारण परीक्षार्थियों को पहुंचने में देरी हो सकती है। वे पहुंचने के निर्धारित समय से चूक सकते हैं। समिति सिफारिश करती है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 में संशोधन कर जिला प्रशासन को परीक्षा के दिन किसी भी रैली, जुलूस या अन्य जनसभा की अनुमति नहीं देने का निर्देश दिया जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि यातायात सुचारू रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम पहले से हों, ताकि किसी भी परीक्षार्थी को टाले जा सकने वाले बाहरी व्यवधान का सामना न करना पड़े।



## टी-20 : अभिषेक ने सबसे तेज 2000 रन बनाए

**इंदौर।** भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 2,000 रन पूरे कर इतिहास रच दिया है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में तीसरे टी20 मुकाबले के दौरान उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की और सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 26 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने महज 1,024 गेंदों में 2,000 रन पूरे किए। इससे पहले यह रिकॉर्ड सूर्यकुमार के नाम था, जिन्होंने दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1,164 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया था। अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 18 गेंदों में अर्धशतक जड़ा और चौके-छक्कों की बरसात कर दी।



सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड तोडा

## मोदी और सीएम विजय ने साथ किया मेट्रो का सफर

4900 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ पूनमल्ली-वडापलानी मार्ग

विद्यार्थियों से बोले प्रधानमंत्री भारत का भविष्य शानदार होगा



**पीएम ने किया मेट्रो के नए खंड का उद्घाटन**

*चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के तहत पूनमल्ली से वडापलानी तक नए खंड का उद्घाटन किया। करीब 4900 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस मार्ग पर मेट्रो सेवा शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के साथ मेट्रो में सफर भी किया। राज्यपाल आर. एन. रवि की मौजूदगी में दोनों ने हरी झंडी दिखाकर नई मेट्रो सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने टिकट काउंटर से स्वयं टिकट खरीदा और कर्मचारियों से बातचीत की।* *(संबंधित खबर पेज-5 पर)*

## अमेरिका-रूस के बीच डीजल डील के विरोध को लेकर गुस्साए

# यूक्रेन को अब नए राष्ट्रपति की जरूरत : ट्रंप

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन को नया राष्ट्रपति चुनना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने के लिए शांति समझौता करना चाहते हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की बातचीत के मौके गंवा रहे हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रंप ने बताया कि अमेरिका अब रूस से डीजल खरीदेगा। जेलेंस्की ने इस फैसले का विरोध किया। उन्होंने कहा था कि इससे रूस को युद्ध जारी रखने के लिए और पैसा मिलेगा।

**पुतिन शांति चाहते हैं, जेलेंस्की मौका गंवा रहे ■ दोनों देशों के बीच 2022 से जारी है युद्ध**

### रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमलों से नाराज

ट्रंप ने यूक्रेन की ओर से रूस की तेल रिफाइनरियों पर किए जा रहे हमलों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इन हमलों से दुनिया में ईंधन की समस्या बढ़ सकती है। यूक्रेन रूस की तेल से जुड़ी सुविधाओं को निशाना बना रहा है। इससे रूस की तेल से होने वाली कमाई और उसकी सेना तक ईंधन पहुंचाने की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया था। तब से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है।



### रूस चाहे तो हमले रुक सकते हैं : जेलेंस्की

जेलेंस्की ने रविवार को एक्स पर लिखा कि यूक्रेन रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमले रोकने के लिए तैयार है, बशर्ते रूस यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमले बंद करे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा ठिकानों पर हमले आज से ही रोके जा सकते हैं, लेकिन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ऐसा नहीं चाहते। जेलेंस्की के मुताबिक, तनाव कम करने के लिए दोनों देशों को एक-दूसरे के खिलाफ हमले रोकने होंगे और इसके लिए ठोस गारंटी भी जरूरी है। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रिय सिबिहा ने भी ट्रम्प के बयान का विरोध किया। उन्होंने शनिवार देर रात एक्स पर लिखा कि जेलेंस्की को यूक्रेन के लोगों का समर्थन हासिल है और अपने नेता को चुनने का अधिकार भी उन्हीं के पास है।

नवरात्र पर विशेष




## द्वितीय ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्र को ब्रह्मचारिणी माता की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यही आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रूप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पति के समय ब्रह्माजी ने मानसपुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है और गर्भ धारण कर शिशु को जन्म देने की नींव पड़ी है। शिशु में देवी के नौ गुण होते हैं। ब्रह्मचारिणी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय है। अपने पूर्वजन्म में जब इन्होंने हिमायल के घर पुत्री रूप में जन्म लिया तब नारद के कहने से शिवजी को पति रूप में पाने के लिए इन्होंने एक हजार साल तक तपस्या की। जब तीनों लोक कांप उठे, तब ब्रह्माजी ने कहा-देवी, आज तक किसी ने ऐसी कठोर तपस्या नहीं की। जाओ, तुम्हारी मनोकामना पूर्ण होगी। इसके बाद शिवजी उन्हें पति रूप में मिले। मां ब्रह्मचारिणी की अनुकंपा से भक्तों को हमेशा सिद्धि और विजय मिलती है। इस दिन भक्त का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। ब्रह्मचारिणी का पूर्वजन्म का नाम 'उमा' भी है। शैलपुत्री के रूप में देवी प्रकृति स्वरूपा हैं तो ब्रह्मचारिणी रूप में सृष्टि निर्मात्री। एक हाथ में कमंडल और दूसरे में रुद्राक्ष माला धारण करने वाली देवी का यह रूप कल्याणप्रद और मोक्षदायी है। मां के इस रूप की आराधना का मंत्र है-

**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।**
**देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

## खबर संक्षेप

### दुकान से नकली फेविक्विक के 142 पाउच बरामद

**डबवाली।** गोल बाजार स्थित शक्ति जनरल स्टोर से नकली फेविक्विक के 142 पाउच बरामद किए गए हैं। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि की शिकायत पर पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता विवेक शर्मा ने बताया कि उनकी कंपनी को पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से नकली उत्पादों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करवाने का अधिकार प्राप्त है। 10 अक्तटूबर को बाजार में सर्वे के दौरान दुकान पर नकली फेविक्विक की बिक्री की सूचना पर कार्रवाई की गई।

### पानी अनमोल है, इसे व्यर्थ न बहाएं

## दिन में घरों की रेकी, रात को मौका देखकर देते थे वारदातों को अंजाम

# हरियाणा पुलिस की मध्य प्रदेश के पत्थर गैंग से मुठभेड़, दो बदमाशों के पैर में गोली मारकर दबोचा

## पांच अन्य आरोपी भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा के फरीदाबाद में क्राइम ब्रांच की मध्य प्रदेश के पत्थर गैंग से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की क्रॉस फायरिंग में 2 बदमाशों को गोली लगी है। भागने की कोशिश कर रहे इनके पांच साथियों को भी पुलिस ने दबोच लिया है। क्राइम ब्रांच अधिकारियों का कहना है कि बदमाशों ने टीम को देखते ही उन पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस को भी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। अभी बदमाशों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच में सामने आया है कि सातों बदमाश एमपी से आकर फरीदाबाद में घरों में लूट करते थे। इन्होंने कई घटनाओं को अंजाम दिया है। अभी सभी के क्रिमिनल रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं।



### रास्ते पर पुलिस ने बदमाशों को घेरा

क्राइम ब्रांच सेक्टर-16 की टीम को गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने बल्लभगढ़ सदर थाना क्षेत्र में गांव सोतई की ओर जाने वाले रास्ते पर बदमाशों को घेर लिया। पुलिस टीम को सामने देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग के बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की।

### बदमाशों ने कई राउंड फायरिंग की

पुलिस के मुताबिक, बदमाशों ने टीम पर कई राउंड गोलियां चलाईं। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई। दोनों घायल होकर गिर पड़े। पुलिस ने उन्हें काबू में लेकर इलाज के लिए बीके अस्पताल पहुंचाया। मुठभेड़ के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### फरीदाबाद में कार्रवाई

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गिरोह के पांच अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह मध्य प्रदेश का रहने वाला है और फरीदाबाद क्षेत्र में चोरी व लूटपाट की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह की अन्य वारदातों और सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### गुलेल से कंचे मारकर तोड़ते थे खिड़कियों के शीशे

पुलिस के मुताबिक, गिरोह के सदस्य दिन में घरों की रेकी करते थे और रात में मौका देखकर चोरी व लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते थे। घर में लोगों की मौजूदगी का पता लगाने के लिए आरोपी पत्थर फेंकते थे और गुलेल से कंचे मारकर शीशे की खिड़कियां तोड़ते थे। अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर वे घर में घुसने की कोशिश करते थे।

### बदमाशों पर पहले भी दर्ज हैं आपराधिक मामले

पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ चोरी समेत अन्य आपराधिक मामलों में पहले भी केस दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि गिरोह ने फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्रों में अब तक कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

### कट्टा, कारतूस और कुल्हाड़ी समेत सामान बरामद

इस गिरोह का नाम पादरी गिराह है। अभी तक मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली एनसीआर, यूपी सहित कई राज्यों में वारदाते कर चुका है। गिरोह के लोगों के पास 1 देसी कट्टा, 2 कारतूस, 2 कुल्हाड़ी, गुलैल, कंचे सहित दरवाजे तोड़ने का सामान मिला है। गुलैल से गिरोह के सदस्य कंचे से खिड़की का शीशा तोड़ते थे। जब कोई आवाज सुनकर आता तो उनको मालूम चल जाता कि घर में कोई है। जहां पर कोई नहीं आता, उस घर में चोरी करते थे। पहले कई हफ्तों तक अलग-अलग इलाको में घरों की रेकी की जाती थी। फिर एक ही रात में चोरी करने का प्लान तैयार किया जाता था। चोरी के बाद ये गिरोह वापस मध्य प्रदेश चला जाता था और फिर कुछ दिन बाद दूसरे राज्य में चोरी करने के लिए निकल जाता था।

### मुनक रोड पर वारदात, बाइक मौके पर मिली, मोबाइल गायब

## काम से गांव लौटते समय घेरा

# करनाल में चाकू से युवक की गर्दन पेट और कमर काटकर बेरहमी से हत्या

- हत्या के कारणों का अभी नहीं लगा सुराग, मधुबन पुलिस ने जुटाए साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले में मुनक रोड पर बड़ौता गांव के पास शनिवार रात एक व्यक्ति की चाकू से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 43 वर्षीय विनोद पुत्र शेषराम, निवासी गांव बुडपुर, के रूप में हुई है। वह अविवाहित था और करनाल में काम करता था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह शनिवार रात काम से मोटरसाइकिल पर अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान बिजली घर के नजदीक अज्ञात हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। परिजनों के अनुसार, विनोद के शरीर पर चाकू से चार से पांच वार किए गए थे। गर्दन, पेट, कमर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटों के निशान बताए गए हैं। घटना के बाद विनोद की मोटरसाइकिल मौके पर मिली, जबकि उसका मोबाइल फोन गायब बताया जा रहा है। मोबाइल फोन गायब होने की परिस्थितियों की भी जांच की जा रही है। फिलहाल हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।



मृतक विनोद का फाइल फोटो।



करनाल। रात को विनोद के शव को पोस्टमॉर्टम हाउस में लेकर पहुंचे परिजन व पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलने पर मधुबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के शवगृह में भिजवा दिया।

### आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं

मधुबन थाना प्रभारी लखविंद्र सिंह के अनुसार, पुलिस को रात में हत्या की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस आसपास से साक्ष्य जुटाने के साथ वारदात के कारणों और आरोपियों की पहचान करने में लगी है। घटनास्थल पर मोटरसाइकिल मिलने और मोबाइल फोन गायब होने सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। फिलहाल किसी आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही वारदात से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी।

### पलवल के सतुआगढ़ी में वारदात

# फरसे-कुल्हाड़ी से हमला कर युवक को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलवल

पलवल जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम 19 वर्षीय युवक की धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। मृतक की पहचान सतुआगढ़ी गांव निवासी प्रशांत के रूप में हुई हुई है। वह शुक्रवार देर शाम करीब 6-7 बजे स्कूल में खेलने गया था, जहां उस पर हमला किया गया। पिता बसंत ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सतुआगढ़ी गांव निवासी बसंत ने हसनपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 19 वर्षीय बेटा प्रशांत गांव के स्कूल के मैदान में खेलने के लिए गया था। वहीं पर गांव का ही निवासी प्रीत भी अपने साथियों के साथ मौजूद था। रंजिश के चलते प्रीत और उसके साथियों ने प्रशांत पर फरसा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।



मृतक प्रशांत का फाइल फोटो।



पलवल। अस्पताल पहुंचे मृतक प्रशांत के परिजन। फोटो : हरिभूमि

### खून से लथपथ उठ कर घर के लिए भागा

गंभीर रुप से घायल प्रशांत ने आरोपियों से बचकर जैसे-तैसे खून से लथपथ वहां से उठकर गांव में ही जवाहर के घर तक पहुंचने की कोशिश की, लेकिन वहीं दम तोड़ दिया।

### गुरुग्राम में गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर

# ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे ट्रैफिक कॉन्स्टेबल की मौत

- 4 साल पहले पुलिस में भर्ती हुए थे कॉन्स्टेबल अंकित कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम जिले में गुरुग्राम-बादली रोड पर शनिवार रात एक सड़क हादसे में ट्रैफिक पुलिस के 28 वर्षीय कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। फर्रुखनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान कॉन्स्टेबल अंकित कुमार के रूप में हुई है। वह सेक्टर-29 ट्रैफिक में तैनात थे। शनिवार रात ड्यूटी खत्म कर वह बाइक से बाढ़सा स्थित अपने घर जा रहे थे। रात करीब 9 बजे इकबालपुर के पास पीछे से आए एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अंकित सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, अंकित की शादी हो चुकी थी और वह करीब 4 साल पहले हरियाणा पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे। फर्रुखनगर थाना पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।



### हल्दाना बॉर्डर पर तेज रफ्तार कार ने पुलिस कर्मी को मारी टक्कर, पैर की हड्डी टूटी

**गन्नौर।** हल्दाना बॉर्डर पर दिल्ली-पानीपत जीटी रोड पर नाके के दौरान तेज रफ्तार कार की टक्कर से पुलिस का कर्मचारी घायल हो गया। हादसे में कर्मचारी के दाहिने पैर की हड्डी टूट गई। घायल को उपचार के लिए सोनीपत के ट्यूलिप अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह हरियाणा पुलिस में ईएएसआई के पद पर सोनीपत जिले में तैनात हैं। 9 अक्टूबर को ड्यूटी हल्दाना बॉर्डर पर नाके पर लगी हुई थी। वह बैरिकेड के पास खड़े थे। इसी दौरान पानीपत की तरफ से सफेद रंग की एक कार तेज गति और लापरवाही से आई। कार ने बैरिकेड के साथ उन्हें भी सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गए और उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई।

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

ज्योतिष
कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सोना लूटने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 ने हथियारों के बल पर सोना लूटने के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान हन्नी, हरेंद्र नागर, आकाश और कुलदीप उर्फ छोटू के रूप में हुई है। आरोपियों से 80 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। 19 अगस्त को विराट नगर के पास लुधियाना निवासी रजनीश कुमार की गाड़ी से सोना लूटा गया था। जांच में कर्मचारी रितेश की साजिश सामने आई। पुलिस अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में 374 ग्राम सोना, नकदी, अवैध हथियार और करंट मशीन बरामद हुई है।




### फुटपाथ पर सो रहे बुजुर्ग दंपति को फॉर्च्यूनर ने कुचला, महिला की मौत, पति गंभीर

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में सोहना रोड पर आइरिया मॉल के पास एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर फुटपाथ पर चढ़ गई। जिससे वहां सो रहे दो बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। उनकी पहचान 63 वर्षीय चिरंजी देवी के रूप में की गई। इनके पति नत्थू राम (66) घायल हैं। उनका इलाज चल रहा है। दोनों मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के पनवारी गांव के रहने वाले हैं। आरोप है कि दोनों को कुचलने के बाद भी गाड़ी नहीं रुकी और आगे फुटपाथ पर खड़ी एक क्रेन से जा टकराई। टक्कर के बाद फॉर्च्यूनर के एयरबैग खुल गए। इनके बेटे कैलाश कुमार ने केस दर्ज कराया है। यह हादसा रविवार सुबह करीब पांच बजे हुआ, उस समय सड़क पर आवाजाही कम थी। फॉर्च्यूनर बादशाहपुर से सोहना की तरफ जा रही थी। इसी दौरान ड्राइवर कार पर कंट्रोल खो बैठा और कार सीधे फुटपाथ पर चढ़ गई। फुटपाथ पर सो रहे बुजुर्ग दंपति को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

**एक्सीडेंट के बाद कार से युवक-युवती निकलकर भागे**

# जींद में ज्वेलर्स के 43 लाख का सोना-चांदी लेकर कारीगर फरार

## 12 साल से कर रहा था कार्य, भरोसे का फायदा उठाकर गायब

- पत्नी और साथी कारीगर का मोबाइल भी बंद, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वर्णकार मार्केट में पिछले 12 साल से ज्वेलर्स के लिए आभूषण बनाने वाला कारीगर करीब 43 लाख रुपये कीमत का सोना और चांदी लेकर फरार हो गया। शहर थाना पुलिस ने ज्वेलर्स की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विजय ज्वेलर्स के विजय गोयल ने बताया कि पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के गोडर निवासी भोला, ज्वेलर्स प्रेमचंद धर्मबीर के ऊपर किराये पर दुकान लेकर रहता था। वह पालिका बाजार के दुकानदारों के लिए आभूषण बनाता था। दुकानदार उसे सोना-चांदी देते थे और वह उनके बताए डिजाइन के अनुसार गहने तैयार करके देता था। लंबे समय से काम करने के कारण ज्वैलर्स को उस पर विश्वास था।विजय गोयल के अनुसार, 8 अक्टूबर को उसने भोला को 250 ग्राम सोना दिया था। इससे नौ सेट आभूषण तैयार करने थे। अगले दिन सुबह जब वह गहने लेने पहुंचा तो भोला वहां नहीं मिला। उसका मोबाइल फोन बंद था। उसकी पत्नी और उसके पास काम करने वाले उत्तम का मोबाइल भी बंद मिला। शिकायत के अनुसार, मुनीष सिंगला ने भी भोला को आभूषण बनाने के लिए ढाई किलो चांदी दी थी, जबकि अमित गुप्ता ने 20 ग्राम 24 कैरेट सोना दिया था। आरोप है कि भोला 8 अक्तूबर की दोपहर को ही यह सोना-चांदी लेकर फरार हो गया। ज्वैलर्स ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अब तक करीब 43 लाख रुपये के सोने-चांदी का पता नहीं चल पाया है।

## शब्द पहेली - 6375



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6374 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | व | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |



## खबर संक्षेप

### कैंची धाम में जाम से निपटने के लिए योजना

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार कैंची धाम जाने वाली सड़कों पर यातायात की भीड़ कम करने के लिए पांच-सूत्री योजना पर काम कर रही है। इसके तहत वैकल्पिक मार्ग विकसित करने, मंदिर को दो घंटे पहले खोलने और प्रवेश तथा निकास के लिए अलग-अलग रास्ते बनाने की योजना है। इस योजना में भीमताल-नैनीताल तिराहे पर 'वैली ब्रिज' बनाने और भवाली से कैंची धाम तक सड़क चौड़ी करने का प्रस्ताव भी शामिल है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने शनिवार को काठगोदाम सर्किट हाउस में जानकारी दी।

### कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, तीन की मौत

**कोच्चि ।** केरल के कोच्चि में रविवार सुबह तेज रफ्तार कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा नेदुंबस्सेरी एयरपोर्ट के पास रात करीब 2 बजे हुआ। तीनों पास की दुकान पर चाय पीकर घर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान पलक्कड़ की गोपिका, वायनाड की देविका और कर्नाटक के इजाज के रूप में हुई है। स्थानीय लोग तीनों को अस्पताल ले गए, जहां उनकी मौत हो गई। हादसे में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### बिलबोर्ड केसः अभिषेक बनर्जी को नोटिस थमाया

**कोलकाता।** पुलिस रविवार को तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी नीत गुट के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के आवास पर पहुंची और कैमक स्ट्रीट पार्टी कार्यालय बिलबोर्ड मामले में फिर से पूछताछ के लिए बुलाने का नोटिस दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हफ्ते भर में पुलिस दूसरी बार डायमंड हार्बर सांसद के कालीघाट स्थित आवास पर इस उद्देश्य से पहुंची।

### सूरतः रैगिंग के आरोपी दो चिकित्सक गिरफ्तार

**सूरत।** गुजरात के सूरत स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर (पीजी) के प्रथम वर्ष के एक छात्र की आत्महत्या के दो महीने से अधिक समय बाद पुलिस ने इस सिलसिले में रविवार को दो वरिष्ठ रेजिडेंट चिकित्सकों को गिरफ्तार किया। उन पर छात्र और नौ अन्य लोगों को व्यवस्थित तरीके से प्रताड़ित करने और रैगिंग करने का आरोप है। सहायक पुलिस आयुक्त जेड आर देसाई ने बताया कि आरोपी चिकित्सक दीक्षिता घेवरिया और हिना भट को हर्ष पांड्या की मौत के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार रहने के बाद पकड़ा गया।

### जयपुर में टावर में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में रविवार दोपहर अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी के पास एक मकान की छत पर लगे मोबाइल टावर में आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग की लपटें और धुएं का गुबार उठता देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग शाहिद खान के मकान की छत पर लगे मोबाइल टावर में लगी थी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लगाई मुहर

## तम्बाकू नियंत्रण में राजस्थान का डंका, देश भर में 'नंबर-1' बना

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। राज्य को तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में देशभर में प्रथम स्थान के लिए चयनित किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय संसाधन केंद्र द्वारा पिछले 10 माह में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर राजस्थान का चयन किया गया है। यह सम्मान जनवरी-फरवरी 2027 में नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।

प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में प्रदेश में दंत चिकित्सकों के माध्यम से ब्लॉक स्तर तक 1 लाख 52 हजार से अधिक लोगों को तम्बाकू छोड़ने के लिए उपचार एवं परामर्श दिया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में पहले भी वैश्विक पहचान मिल चुकी है।

### निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी को भी निःशुल्क दवा सूची में लाए

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2026 में तम्बाकू नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान सरकार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस अवार्ड-2026 से सम्मानित किया था। इस सम्मान के तहत विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में राजस्थान को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। राठौड़ ने बताया कि प्रदेश में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं को मजबूत बनाने और ब्लॉक स्तर तक इनका विस्तार करने के लिए दंत चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया गया है। आमजन को नजदीकी केंद्र की जानकारी आसानी से मिल सके, इसके लिए 500 से अधिक तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केंद्रों की जियो-टैगिंग करवाई गई है। तम्बाकू छोड़ने के उपचार में उपयोगी निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी) को भी निःशुल्क दवा सूची में शामिल किया गया है।

### असम में मणिपुर के दो को गिरफ्तार किया, 43 करोड़ का मादक पदार्थ किया जब्त

**गुवाहाटी (भाषा)।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने असम में दो ट्रकों के ईंधन टैंकों में छिपाकर रखी गई करीब 43 करोड़ रुपये की 53.93 किलोग्राम मेथामफेटामीन जब्त की और मणिपुर के दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई छह अक्टूबर को गुवाहाटी में की गई और मादक पदार्थों की यह खेप म्यांमा से मंगाई गई थी। दो ट्रकों से कुल 53.93 किलोग्राम मेथामफेटामीन (याबा टैबलेट) जब्त की गई। उन्होंने बताया कि इन मादक पदार्थों को ईंधन टैंकों के भीतर छिपाया गया था। एनसीबी के इस अभियान में मणिपुर के बिष्णुपुर के रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार मादक पदार्थों के अवैध बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 43 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य अभियान में केंद्रीय मादक पदार्थ रोधी एजेंसी ने वांछित छह आरोपियों को भी हिरासत में लिया।

## रील बनाने के चक्कर में ओडिशा में 2 मौतें

### बौध में ट्रेन से टकराया लड़का, पुरी में सांप पकड़ने वाले को कोबरा ने डसा

**ओडिशा।** ओडिशा में सोशल मीडिया रील बनाने के दौरान 24 घंटे में दो लोगों की मौत हो गई। इनमें एक लड़का और एक सांप पकड़ने वाला शामिल है। बौध जिले में शुक्रवार शाम रेलवे ट्रैक के पास रील बना रहा लड़का ट्रेन की चपेट में आ गया। वहीं, पुरी में कोबरा के साथ रील शूट करते समय 28 साल के तपन कुमार प्रधान को सांप ने कई बार डस लिया। पुलिस के मुताबिक, लड़का खोरधा-बोलांगीर रेलवे लाइन पर रील बना रहा था। प्रधान को पहले निजी अस्पताल ले जाया गया। बाद में पुरी के जिला मुख्यालय अस्पताल में उनकी मौत हो गई। मृतक लड़का बौध जिले के तालुपाली गांव का रहने वाला था। यह गांव बौंसुनी पुलिस स्टेशन की सीमा में आता है। हादसा शुक्रवार शाम हुआ। पुलिस ने बताया कि लड़का पहले भी रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के नीचे लेटकर रील बनाते पकड़ा गया था। तब उसके परिवार को चेतावनी दी गई थी।

### उंगलियों, कोहनी और बांह के ऊपरी हिस्से पर कई बार डस

दूसरी घटना पुरी जिले के कांठापुर गांव में हुई। 28 साल के तपन कुमार प्रधान शुक्रवार दोपहर अपने घर के बरामदे में कोबरा को संभालते हुए रील बना रहे थे। इसी दौरान सांप ने उनकी उंगलियों, कोहनी और बांह के ऊपरी हिस्से पर कई बार डसा। सांप पकड़ने की तकनीक सिखाने वाले ट्रेनर सुवेंदु मलिक ने यह जानकारी दी। प्रधान जहरीले सांपों को पकड़ने के वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते थे। उन्हें पहले पास के निजी अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद पुरी के जिला मुख्यालय अस्पताल में शिफ्ट किया गया। वहां पहुंचने के कुछ ही समय बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



## मानसून की विदाई के बीच मौसम का नया गेम-चेंजर, पाक से आ रहा तूफान

# यूपी-दिल्ली समेत 10 राज्यों में बारिश तेज हवाएं चलेंगी, आईएमडी का अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/लखनऊ

*दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, झारखंड और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में आंधी-तूफान, तेज हवाएं (40 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार) और छिटपुट बारिश का अलर्ट, मौसम विभाग ने लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी*

मौसम का मिजाज इन दिनों पूरी तरह बदला हुआ है और मानसून की विदाई के बीच एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव हो गया है। सुबह और रात के तापमान में गिरावट से हल्की ठंड की आहट हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने यूपी-दिल्ली समेत 10 राज्यों में बारिश और तेज हवाएं चलने का संभावना जताई है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य पाक और उसके आसपास के इलाकों से एक ट्रफ लाइन यानी कम दबाव की पट्टी गुजर रही है, जो साउथ जम्मू, हिमाचल, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से होते हुए उत्तरी मध्य प्रदेश तक फैली हुई है। समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर बनी इस स्ट्रैटेजिक लाइन की वजह से उत्तर भारत के आसमान में काले बादलों का डेरा और मौसम में अचानक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। यह सेटअप गेम-चेंजर साबित हो रहा है, जो कभी भी अचानक से बारिश का सरप्राइज दे सकता है। इस वेदर सिस्टम और बवंडर के पीछे यही एक लाइन नहीं है बल्कि चक्रवाती परिसंचरण भी एक साथ एक्टिव हैं।

दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश व ओले गिरने की संभावना

जम्मू में 2 घंटे भारी बारिश तवी नदी में बाढ़ घरों में घुसा पानी



### ठंडी हवा के चलते तापमान में 1 से 2 डिग्री तक गिरावट संभव

पाकिस्तान के पास बने चक्रवाती सिस्टम के अलावा दक्षिण बांग्लादेश, हरियाणा और दक्षिण तमिलनाडु के कोस्ट पर भी अपर एयर सर्कुलेशन का तगड़ा जाल बिछा हुआ है। इन सभी मौसमी डिस्टर्बेंस और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के आपस में टकराने से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में तूफानी हवाओं के साथ झमाझम बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी उप्र और दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश की संभावना है। बारिश और ठंडी हवाओं के चलते दिन के तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

### जम्मू में अक्टूबर में रिकॉर्ड बारिश, दो लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू में रविवार को तीन घंटे में 185.6 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे अक्टूबर में बारिश का 71 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। वर्ष 1955 में अक्टूबर में 160 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बारिश से संबंधित घटनाओं में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई और जनजीवन प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश से सड़कें और रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए, वाहनों को नुकसान पहुंचा और कई जगह भूस्खलन हुआ। उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण अधिकतम तापमान गिरकर सामान्य से नौ डिग्री कम 23.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

### जालंधर में सुबह 10 बजे अंधेरा छा गया



**जालंधर।** पंजाब में रविवार सुबह अचानक मौसम बदल गया। जालंधर में सुबह 10 बजे अंधेरा छा गया और तेज आंधी के साथ बारिश हुई। लुधियाना और फरीदकोट में भी धूलभरी आंधी के साथ बारिश हुई। इससे आमजन को भारी परेशानी हुई। इसके अलावा फाजिल्का, तरनतारन के पट्टी और पठानकोट में भी बारिश हुई। अबोहर में सड़क धंसने से कार फंस गई, जबकि फाजिल्का-फरीदकोट की अनाज मंडी में धान भीग गई। मौसम विभाग ने पंजाब के 8 जिलों बारिश का अटर्ल जारी किया है, जिसमें पठानकोट, होशियारपुर, नवांशहर, फाजिल्का, मुक्तसर, बठिंडा, रूपनगर, मोहाली, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, जालंधर, फिरोजपुर, फरीदकोट, मोगा, लुधियाना, बरनाला, मानसा, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला शामिल हैं।

## पंजाब में एएसआई को गोली मारी गैंगस्टर डोनी बल ने ली जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ तरनतारन

तरनतारन में रविवार देर शाम को एएसआई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना उस समय हुई जब वे ड्यूटी खत्म कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। तरनतारन के एसएसपी सुरिंदर कुमार लांबा ने कहा कि एएसआई को 2 गोलियां लगी हैं। जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा। मृतक एएसआई इकबाल सिंह (55) तरनतारन के नौशहरा पन्नूआ के रहने वाले थे। वह फिरोजपुर में काउंटर इंटेलिजेंस में तैनात थे। यह घटना 11 सितंबर को हुए मर्डर से जोड़ी जा रही है। उस दिन इकबाल सिंह के भतीजे अजमीत सिंह की बाइक सवार



पिछले महीने भतीजे की हुई थी हत्या

हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में आरोपी पुलिस एनकाउंटर के दौरान घायल हो गया था, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, इस बीच गैंगस्टर डोनी बल ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। गोपी घनश्याम के नाम की आईडी से सोशल मीडिया पर हत्या की जिम्मेदारी लेने की पोस्ट डाली गई है। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है।

## दूसरी मंजिल से 14 माह की बेटी को फेंककर कूदी मां

एजेंसी ▶▶ कानपुर(उप्र)

कानपुर के गुजैनी के मर्दनपुर में शादी की तीसरी सालगिरह पर खुशियां मना रहे परिवार में कुछ ही देर बाद मातम छा गया। सात अक्टूबर की देर रात हुए विवाद के बाद 20 वर्षीय रोशनी ने अपनी 14 माह की बच्ची को दूसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। इसके बाद खुद भी छलांग लग दी। नीचे मौजूद पति नूर आलम ने बच्ची को कैच करके उसकी जान बचा ली, लेकिन रोशनी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### पति ने बच्ची को बचाया

मर्दनपुर निवासी नूर आलम सिलाई कारीगर हैं। सात अक्टूबर को उनकी शादी की तीसरी सालगिरह थी। इस मौके पर रोशनी की बड़ी बहन ईशरत भी घर आई थीं। परिवार ने साथ में केक काटा और खाना खाया। देर रात किसी बात को लेकर नूर आलम और उनकी साली के बीच बहस हो गई। इसके बाद नाराज ईशरत घर से जाने लगीं। रोशनी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुकीं। आहत होकर रोशनी बच्ची को लेकर दूसरी मंजिल पर पहुंच गईं।



### लखनऊ के कांग्रेस दफ्तर में हंगामा पार्टी समर्थकों में जमकर चले जूते



आराधना मिश्रा के पदभार ग्रहण के दौरान बवाल

**लखनऊ।** लखनऊ में यूपी कांग्रेस कार्यालय में जमकर बवाल हो गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जूते-चप्पल चले। बताया जा रहा कि नवनियुक्ति यूपी कांग्रेस की अध्यक्ष आराधना मिश्रा और कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद के पदभार ग्रहण के दौरान कांग्रेसी आपस में भिड़ गए। इस दौरान जूते-चप्पल, गाली-गलौज और जमकर धक्का-मुक्की हुई। 10 मिनट से ज्यादा तक हंगामा चलता रहा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ भी बदसलूकी की खबरें हैं। मामला बिगड़ता देख वरिष्ठ नेताओं ने उनको मनाने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि पदभार ग्रहण के दौरान अजय राय के समर्थक नारेबाजी करने लगे। यूपी कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा के समर्थकों ने नाराजगी जाहिर की, जिससे कहासुनी शुरू हो गई और फिर कांग्रेस कार्यालय में बवाल मच गया बताया जा रहा है।

### पायलट टिकट देने से इनकार कर दें, राहुल का सिपाही रहूंगाः वडिंग

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ने के कुछ दिन बाद अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने रविवार को कहा कि भले ही वह पद से हट गए हैं या प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट देने से इनकार कर दें, लेकिन वह राहुल गांधी के सिपाही के रूप में कांग्रेस का झंडा बुलंद करते रहेंगे। लुधियाना से लोकसभा सदस्य वडिंग ने यह भी स्वीकार किया कि पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए पार्टी में कई लोग उनके खिलाफ थे और हो सकता है कि वे आगे भी ऐसा करते रहें। उनकी इस टिप्पणी को प्रदेश इकाई में उनके आलोचकों पर निशाने के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, वडिंग ने कहा कि वह पंजाब कांग्रेस के नए अध्यक्ष परगट सिंह को पूरा समर्थन देंगे। परगट सिंह ने रविवार को कांग्रेस भवन में आयोजित एक समारोह में कार्यभार संभाला, जिसमें पायलट समेत कई अन्य लोग भी शामिल हुए। समारोह से पहले वडिंग ने सेक्टर 15 स्थित पार्टी मुख्यालय के पास सेक्टर 10 में किराये के एक मकान में बैठक की।



पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ने के कुछ दिन दी प्रतिक्रिया

भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में शामिल हों
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

**कमीशन अधिकारी**

10+2 टेक्निकल एंट्री स्कीम (TES)-57 कोर्स (जुलाई 2027) के लिए आवेदनों का स्वागत किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन www.joinindianarmy.nic.in पर 14 अक्टूबर 2026 से 12 नवम्बर 2026 तक खुलेगा। TES-57 कोर्स के लिए JEE Mains 2026 अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, कक्षा 12 में PCM (भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित) में न्यूनतम 60% अंक होना चाहिए।

**COMMISSIONED OFFICER**

Applications are invited for 10+2 TES-57 Course (Jul 2027). Online application will open on www.joinindianarmy.nic.in from **14 Oct. 2026 to 12 Nov. 2026.** JEE (Mains) 2026 is mandatory for TES-57 Course. This is in addition to the criteria of minimum 60% marks in PCM (Physics, Chemistry and Mathematics) in Class 12th.

नोट :
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। ठगों से सावधान रहें।
2. विस्तृत सूचना के लिए www.joinindianarmy.nic.in पर जाएँ।

Note :
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0032/2627

विकास की लहर | चेन्नई को पीएम मोदी की बड़ी सौगात

## तमिलनाडु को मिले 13,000 करोड़ के प्रोजेक्ट्स

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई को बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी है। चेन्नई में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मोदी ने 13 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास योजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया।

इस मेगा प्रोजेक्ट में चेन्नई मेट्रो रेल का पूनामल्ली-वडापलानी सेक्शन, नेशनल हाईवे के नए प्रोजेक्ट्स, प्रमुख पोर्ट्स का आधुनिकीकरण और 5 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन शामिल है। इसके अलावा आईआईटी मद्रास में रिसर्च को बढ़ावा देने वाले ब्रेन सेंटर का भी लोकार्पण किया गया। चेन्नई में 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। शहरी परिवहन को सुगम बनाने के लिए चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के तहत पूनामल्ली-वडापलानी खंड का औपचारिक शुभारंभ किया गया। 5 अत्याधुनिक 'अमृत भारत रेलवे स्टेशनों' का भी उद्घाटन किया गया। शिक्षा और उन्नत अनुसंधान के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए आईआईटी मद्रास में 'सुधा गोपालकृष्णन मस्तिष्क केंद्र' का उद्घाटन किया गया।



**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयगोपाल गारोडिया हिंदू विद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित किया।

### तमिल भाषा-संस्कृति की भी सराहना की

मोदी ने युवाओं से कहा कि यह युग उनका है, क्योंकि दुनिया समस्याओं के समाधान के लिए उनकी ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक समुदाय नई और अभिनव संभावनाओं की तलाश में जुटा है। मोदी ने यहां जयगोपाल गारोडिया हिंदू विद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए युवाओं के सशक्तीकरण, राष्ट्रीय एकता और तमिल विरासत के शाश्वत ज्ञान पर विशेष जोर दिया। मोदी ने तमिल भाषा और संस्कृति की सराहना की तथा प्राचीन तमिल ग्रंथ 'तिरुक्कुरल' को जीवन जीने का महान मार्गदर्शक ग्रंथ बताया।

चिंतन

# नेताओं की महत्वाकांक्षा में पिस रहा आम आदमी



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

राजधानी दिल्ली में पिछले एक सप्ताह से राजनीतिक दलों की खींचतान का खामियाजा आम आदमी भुगत रहा है। पहले कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन, फिर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और वामपंथी संगठनों के विरोध ने दिल्ली की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। मेट्रो स्टेशन बंद हुए, रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं और इंटरनेट सेवाओं पर भी असर पड़ा। नौकरीपेशा लोग समय पर दफ्तर नहीं पहुंच पाए, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई और रोज कमाकर खाने वालों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हुआ। नेताओं की महत्वाकांक्षाओं और राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई में आम आदमी एक बार फिर पिसने को मजबूर है। सवाल सीधा है कि अपनी ताकत दिखाने की इस राजनीति में जनता को सजा क्यों मिले? लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन जनता को परेशान करने का लाइसेंस नहीं। निर्वाचन आयोग के फैसलों पर सवाल उठाना हो, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करनी हो या सरकार की नीतियों का विरोध करना हो, राजनीतिक दलों को अपनी बात रखने की पूरी स्वतंत्रता है। मगर विरोध का ऐसा तरीका, जो लाखों लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दे, इसे किसी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। नेता धरने पर बैठकर अपनी मांगों के लिए लड़ते हैं, लेकिन इसकी कीमत उस कर्मचारी को चुकानी पड़ती है, जिसकी एक दिन की अनुपस्थिति वेतन कटवा सकती है। परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थी, अस्पताल पहुंचने की कोशिश करता मरीज और रोज की कमाई पर निर्भर मजदूर किसी राजनीतिक दल के विरोधी नहीं हैं। फिर उन्हें इस लड़ाई में घसीटने का हक किसने दिया? 10 अक्टूबर को सीजेपी और वामपंथी संगठनों के प्रदर्शन के दौरान हालात की गंभीरता सामने आई। खबरों के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दिल्ली में 45 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए और सात हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। रविवार को सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ ने मेट्रो सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट बाधित नहीं करने और लोगों की आवाजाही नहीं रोकने पर जोर दिया। संबंधित अधिकारियों से जवाब भी मांगा गया। हालांकि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन प्रतिबंध समस्या के अनुपात में ही होने चाहिए। कुछ स्थानों पर तनाव की आशंका के कारण पूरे शहर की रफ्तार रोक देना उचित नहीं। सुरक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि प्रदर्शन भी हो और आम नागरिक का जीवन भी चलता रहे। विडंबना यह है कि हर राजनीतिक दल जनता के नाम पर राजनीति करता है, लेकिन विरोध के दौरान सबसे पहले उसी जनता की सुविधा को ताक पर रख देता है। इस बार तो एक गैर जिम्मेदार दल और कुछ कथित नेता अपनी महत्वाकांक्षा के चलते लोगों को बरगलाकर प्रदर्शन में धकेल रहे हैं। राजनीतिक दलों को प्रदर्शन के लिए ऐसे स्थान और तरीके चुनने चाहिए, जिनसे सार्वजनिक परिवहन, अस्पतालों, स्कूलों और कामकाजी लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो। प्रशासन को भी वैकल्पिक मार्गों और परिवहन की व्यवस्था करनी चाहिए तथा प्रतिबंधों को अंतिम विकल्प के रूप में अपनाना चाहिए। राजनीति जनसेवा का माध्यम है, जनजीवन को बंधक बनाने का नहीं। नेताओं को समझना होगा कि जनता केवल रैलियों में भीड़ जुटाने या चुनाव में वोट देने के लिए नहीं है। उसकी रोजमर्रा की जरूरतें और अधिकार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने राजनीतिक दलों के मुद्दे। लोकतंत्र की सार्थकता शक्ति प्रदर्शन में नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में है।

# सस्ता डेटा बेहतर या तेज उपग्रह नेटवर्क

अब तक देश में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने का प्रमुख आधार मोबाइल टावर, भूमिगत प्रकाशीय तंतु और दूरसंचार नेटवर्क रहे हैं। उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली तकनीक ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा और मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जैसी कंपनियां हैं। इन दोनों के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा केवल दो उद्योगपतियों की कारोबारी लड़ाई नहीं है, बल्कि यह भारत में भविष्य की संचार व्यवस्था, बाजार के नियमों और डिजिटल आत्मनिर्भरता से जुड़ा महत्त्वपूर्ण प्रश्न भी है। एलन मस्क की स्टारलिंक निम्न पृथ्वी कक्षा में स्थापित उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराती है। इसकी विशेषता यह है कि इसके लिए प्रत्येक स्थान तक भूमिगत तार बिछाना या मोबाइल टावर स्थापित करना आवश्यक नहीं होता। उपयोगकर्ता के स्थान पर उपयुक्त उपकरण लगाकर उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ा जा सकता है।

यह व्यवस्था विशेष रूप से उन क्षेत्रों में उपयोगी हो सकती है, जहां पहाड़, घने जंगल, दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां अथवा बिखरी हुई आबादी के कारण पारंपरिक संचार नेटवर्क पहुंचाना कठिन और खर्चीला होता है। भारत जैसे विशाल देश में इस तकनीक की उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता। हिमालयी क्षेत्रों के गांवों, सीमावर्ती बस्तियों, द्वीपों और दूरस्थ वनवासी क्षेत्रों में इंटरनेट की बेहतर उपलब्धता शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार तथा प्रशासनिक सेवाओं को मजबूत कर सकती है। प्राकृतिक आपदाओं के समय भी उपग्रह आधारित संचार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बाढ़, भूकंप अथवा चक्रवात के कारण जब सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाएँ और जमीन पर आधारित संचार व्यवस्था बाधित हो जाए, तब उपग्रह संपर्क राहत और बचाव कार्यों में सहायक बन सकता है। हालांकि, इसके लिए बिजली, उपयुक्त उपकरण और आवश्यक तकनीकी व्यवस्था भी उपलब्ध होनी चाहिए। स्टारलिंक की भारत में संभावित शुरुआत को लेकर चर्चा उस समय अधिक तेज हो गई, जब कंपनी को आवश्यक प्रारंभिक नियामकीय अनुमतियां मिलने के बाद भी व्यावसायिक सेवा शुरू करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। भारत में किसी विदेशी उपग्रह संचार कंपनी के लिए केवल अनुमति प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है। उसे सुरक्षा संबंधी शर्तों, तकनीकी मानकों, नियामकीय नियमों और अन्य निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करना पड़ता है। उपग्रहों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं में राष्ट्रीय सुरक्षा और संचार व्यवस्था की निगरानी विशेष रूप से महत्वपूर्ण होती है। इसी पृष्ठभूमि में एलन मस्क और मुकेश अंबानी के बीच विवाद चर्चा का विषय बना। अक्टूबर 2026 में मस्क ने सामाजिक संचार मंच एक्स पर अंबानी के प्रभाव को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणियां कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में कुछ प्रभावशाली कारोबारी उपग्रह इंटरनेट के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को सीमित करना चाहते हैं। उन्होंने अंबानी को निशाना बनाते हुए यह भी पूछा कि क्या वही भारत के वास्तविक निर्णायक हैं। मस्क की टिप्पणियों में यह शिकायत दिखाई देती है कि उनकी कंपनी को भारतीय बाजार में अपनी सेवाएं



शुरू करने के लिए अपेक्षित गति से आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल रहा है। हालांकि, किसी कंपनी को अनुमति मिलने में देरी को सीधे तौर पर दूसरी कंपनी के दबाव या एकाधिकार की कोशिश का प्रमाण नहीं माना जा सकता। इसके लिए ठोस तथ्य आवश्यक हैं। भारत सरकार का पक्ष है कि उपग्रह संचार सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को निर्धारित नियमों और सुरक्षा संबंधी शर्तों का पालन करना होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह किसी एक कंपनी को विशेष लाभ देने के पक्ष में नहीं है। स्टारलिंक, जियो की उपग्रह संचार सेवा और वनवेब जैसी कंपनियों को संबंधित नियामकीय आवश्यकताएं पूरी करनी होंगी। इस दृष्टि से विवाद को समझने के लिए आरोपों और प्रमाणित तथ्यों के बीच अंतर बनाए रखना जरूरी है। इस बहस में जोहो के संस्थापक श्रीधर वेम्बु की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय हैं। उन्होंने भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता और दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के महत्व को रेखांकित किया। उनके अनुसार, भारत में मोबाइल इंटरनेट की कम कीमतों ने आम नागरिकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। कुछ वर्ष पहले तक इंटरनेट का नियमित उपयोग अनेक परिवारों के लिए महंगा था। आज विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन कर सकते हैं, छोटे व्यापारी अपने ग्राहकों तक पहुंच सकते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अनेक सरकारी तथा वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में रिलायंस जियो के प्रवेश ने इस परिवर्तन को गति देने में अहम भूमिका निभाई। कम कीमत पर अधिक आंकड़ा उपलब्ध कराने वाली योजनाओं ने दूसरी कंपनियों को भी अपनी सेवाओं और मूल्य निर्धारण की रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। इससे इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ी और डिजिटल सेवाओं का विस्तार हुआ। फिर भी भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता का पूरा श्रेय किसी एक कंपनी को देना उचित नहीं होगा।

सरकारी डिजिटल पहलों, दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, तकनीकी प्रगति और स्मार्ट उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता ने भी इसमें योगदान दिया है। अब प्रश्न यह है कि स्टारलिंक जैसी सेवा भारतीय बाजार में किस प्रकार अपनी जगह बनाएगी। उपग्रह इंटरनेट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी भौगोलिक पहुंच है, लेकिन इसकी लागत एक बड़ी चुनौती है। पारंपरिक मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने के लिए सामान्यतः अलग से उपग्रह उपकरण लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। इसलिए भारत के विशाल उपभोक्ता वर्ग के लिए केवल तकनीकी श्रेष्ठता पर्याप्त नहीं होगी। सेवा की कीमत, विश्वसनीयता और वास्तविक उपयोगिता भी निर्णायक होंगी।

इस प्रकार दोनों व्यवस्थाओं को एक-दूसरे का पूर्ण विकल्प मानने के बजाय पूरक के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक होगा। मोबाइल नेटवर्क और भूमिगत संचार तंत्र बड़ी आबादी को कम लागत पर जोड़ सकते हैं, जबकि उपग्रह इंटरनेट उन स्थानों तक पहुंच बढ़ा सकता है, जहां अन्य माध्यम सीमित हैं। इस विवाद का सबसे जटिल पक्ष रेडियो तरंगों के उपयोग के लिए आवश्यक स्पेक्ट्रम का आवंटन है। भारत की डिजिटल यात्रा अब केवल इंटरनेट की गति बढ़ाने तक सीमित नहीं है। यह इस बात से भी जुड़ी है कि देश अपनी तकनीकी आवश्यकताओं, आर्थिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच कैसा संतुलन स्थापित करता है। स्टारलिंक और जियो के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा इस संतुलन की परीक्षा है। सरकार को पारदर्शी नियमों, निष्पक्ष निर्णयों और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ आगे बढ़ना होगा। अंततः सफलता किसी उद्योगपति की व्यक्तिगत जीत में नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के निर्माण में होगी जो भारत के प्रत्येक नागरिक को डिजिटल अवसरों से जोड़ सके।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



# डॉ. लोहिया ने छेड़ी 'तीन आना बनाम पंद्रह आना' की बहस

सन् 1967 में 12 अक्टूबर को (यानी आज के ही दिन) पौरुष ग्रंथि के विफल ऑपरेशन से पीड़ित समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया का निधन हुआ तो राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने अपने एक भावप्रवण संस्मरण में लिखा था : कोई महीना भर पहले मैंने उन्हें सुझाया कि वे हमेशा 'सप्तक्रांति के स्फुलिंग' ही न बने रहा करें। अपना 'शाश्वत' क्रोध घटायें और अपने समकालीन नेताओं से छोटी-छोटी बातों को लेकर कटुताएं न पैदा किया करें। अन्यथा कहीं ऐसा न हो कि उनके प्रधानमंत्री बनने का अवसर आये तो ये कटुताएं उनके रास्ते की बाधा बन जायें। इस पर उनका उत्तर था, 'दिनकर, तुम समझते हो कि बहुत दिन जीने वाला हूं मैं? मेरी आयु बहुत कम है, इसलिए जब भी जो भी बोलता हूं, उसे बोल लेने दो मुझे।' अब मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी मौत को पहले ही देख लिया था। आज की तारीख में कम ही लोग जानते होंगे कि डॉ. लोहिया और 'दिनकर' परस्पर अभिन्न मित्र थे। इस तथ्य के बावजूद कि राजनीति में उनकी सक्रियताएं परस्पर विरोधी थीं। निधन के वक्त लोहिया महज 57 साल के थे और उनका संसदीय जीवन भी लम्बा नहीं रहा था। इसका एक बड़ा कारण उनका चुनावी जीत-हार को बहुत महत्व न देना, 1962 से पहले कोई लोकसभा चुनाव न लड़ना और 1962 में भी फूलपुर जाकर लगभग असम्भव मुकाबले में सीधे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से भिड़ जाना था। उनके अनुसार लोकतंत्र में चुनाव अपनी पार्टी की नीतियों को मतदाताओं तक ले जाने के अवसर होते हैं और आते-जाते रहते हैं। इसलिए मतदाताओं द्वारा उनमें सुनाये गये फैसलों को लेकर हाय-तौबा का कोई हासिल नहीं होता। ऐसे किसी हासिल के लिए तो शिकस्त के दिन से ही अगले मुकाबले की तैयारी में लग जाना होता है। उन्होंने लगभग यही बात 1962 के लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद नैनीताल में उसके कार्यकर्ताओं को निराशा के कर्तव्य समझाते हुए भी कही थी। बाद में इन्हीं कार्यकर्ताओं (जो कह रहे थे कि



तत्कालीन परिस्थितियों में लोहिया का लोकसभा में होना बहुत जरूरी है) की मांग पर वे उत्तर प्रदेश की फर्रुखाबाद लोकसभा सीट का उपचुनाव (जो वहां से निर्वाचित कांग्रेस सांसद मूलचंद दूबे के निधन के कारण हुआ था) लड़े और जीते थे। नये परिसीमन के फलस्वरूप अलग कन्नौज लोकसभा सीट अस्तित्व में आई तो 1967 के लोकसभा चुनाव में वे उस सीट से भी चुनाव लड़े और विजयी हुए थे। थोड़े ही दिनों बाद वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। इस तरह वे दो कार्यकालों में कुल मिलाकर मुश्किल से एक कार्यकाल की अवधि के बराबर ही लोकसभा में रहे, लेकिन उसकी कार्यवाहियों और बहसों में अपनी अनूठी हिस्सेदारी से यह सिद्ध कर गये कि छोटी होने के बावजूद उसमें उनकी उपस्थिति महनीय है। लोकसभा में दिये गये उनके अन्य सारे भाषण भुला दिये जायें तो अकेला 'तीन आने बनाम पन्द्रह आने' वाला ऐतिहासिक भाषण ही उन्हें अप्रासंगिक नहीं होने देगा और उनकी याद दिलाता रहेगा। उन्होंने यह भाषण आचार्य जेबी कृपलानी द्वारा 22 अगस्त, 1963 को जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में दिया था। यह प्रस्ताव आजादी के बाद किसी भी सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव था, जिसकी हिमायत में लोहिया ने कहा था कि 27 करोड़ (उस वक्त की देश की जनसंख्या के लगभग 70 प्रतिशत) देशवासी तीन आने (20 नये पैसे) रोज के खर्च पर जीवन निर्वाह को अभिशप्त हैं। सत्ता पक्ष की ओर से इस 'तीन आने' को 'पन्द्रह आने' बताया गया तो लोहिया ने यह कहकर उसे चुप करा दिया कि अगर मेरी बात गलत निकलती है तो मैं इस सदन से निकल जाऊंगा और सत्तापक्ष गलत निकलता है तो प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को अपने पद पर नहीं रहना चाहिए। इसी भाषण में उन्होंने यह भी कहा था कि देश में महिलाएं, हरिजन, आदिवासी, पिछड़े, धार्मिक अल्पसंख्यक और शूद्र पांच बड़े वर्ग हैं, जिनकी आबादी कुल आबादी की नब्बे फीसदी है। इन्हें विशेष अवसर दिए बगैर तीन आने वाली स्थिति नहीं ही बदलने वाली। उनके इस भाषण को लोकसभा के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण बौद्धिक भाषणों में से एक माना जाता है। चुनाव तो वे 1962 के लोकसभा चुनाव में फूलपुर में जवाहरलाल नेहरू से भी हारे थे लेकिन उनकी उस हार में भी एक नैतिक चमक थी, जबकि कन्नौज सीट को लेकर हाईकोर्ट से मिली हार मतगणना में उन्हें मिली जीत की भी नैतिक चमक छीन लेने वाली थी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संकलित
दर्शन

# कर्मों से उपार्जित सुख

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

संकलित
प्रेरणा

# जब झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बहुत जरूरी है मानसिक स्वास्थ्य

दस अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस दिन बहुत से देशों में सरकारी और विभिन्न सामजिक संगठन लोगों को मानसिक तनाव से बचने के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर व्यक्ति का शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य होना भी जरूरी है, तभी हम जिंदगी के मजे ले सकते हैं। हमारे देश में आज शारीरिक अस्वस्थ लोगों का आंकड़ा ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक रोगी भी बढ़ रहे हैं। मानसिक रोगी होने के मुख्य कारण कई गिनवाए जा सकते हैं। संभावना है कि बहुत ही कम गरीब ऐसे होंगे जो मानसिक स्वास्थ्य संकट के दायरे में आए होंगे। मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के आंकड़े बढ़ने के कारण ही तो देश में आत्महत्या के केस बढ़ते जा रहे हैं। - पूजा नरवाल, सोनीपत

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में मोदी की '25 साल की जन सेवा' का जश्न मना

ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों के विभिन्न संगठनों का एक समूह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित पद पर 'जनसेवा के 25 वर्ष' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' परिसर में हुई। इसकी मेजबानी लॉर्ड रामी रेंजर ने सरदार पटेल मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में की। कार्यक्रम में असमिया और ओडिसी के पारंपरिक नृत्य, वायलिन वादन और औपचारिक रूप से केक काटने के आयोजन के जरिए भारत की सांस्कृतिक विविधता भी प्रदर्शित की गई। आयोजकों ने एक बयान में कहा, 'इन समारोहों के केंद्र में भारत का शाश्वत दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' है, जिसका अर्थ है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। यह मार्गदर्शक सिद्धांत समावेशिता, शांति, साहस, खुशी, समृद्धि और नई शुरुआत जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को दर्शाता है।' उन्होंने कहा, ''इस महत्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मनाते हुए इन आयोजनों को गैर-राजनीतिक रखा गया है। इनमें सार्वजनिक सेवा, समावेशिता, शांति, साहस, खुशी, समृद्धि और सभी भारतीयों की सफलता जैसे सार्वभौमिक मूल्यों पर विशेष जोर दिया गया है।' इस बीच, ब्रिटिश भारतीय समुदाय ने 17 अक्टूबर को पश्चिमी लंदन के रुइस्लिप में एक सामुदायिक समारोह आयोजित करने की योजना की घोषणा की है।



## ऑफ बीट

# क्या माउथवॉश हृदय के लिए हानिकारक होता है

सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में दावा किया गया है कि माउथवॉश से उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ सकता है और हृदय की सेहत को नुकसान हो सकता है। कुछ वीडियो के अनुसार, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि माउथवॉश मुंह के उन "अच्छे" बैक्टीरिया को खत्म कर देता है, जो हृदय और रक्त-प्रणाली के लिए जरूरी होते हैं। यह सुनने में चौंकाने वाला लग सकता है लेकिन आपको अभी अपना माउथवॉश फेंकने की जरूरत नहीं है। सच्चाई इससे कहीं ज्यादा जटिल है। हमारे मुंह में कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं। ये सभी मिलकर एक संतुलित और विविध प्रकार के 'माइक्रोबायोम' बनाते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया की बढ़त को रोकते हैं, सामान्य 'मेटाबॉलिज्म' में मदद करते हैं और मुंह व शरीर की कुल सेहत को बेहतर बनाते हैं। इन बैक्टीरिया का एक अहम काम है हमारे भोजन (खासकर हरी पत्तेदार सब्जियों) में मौजूद नाइट्रेट को नाइट्राइट में बदलना। जब हम नाइट्राइट निगलते हैं, तो शरीर इसे नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह प्रक्रिया नाइट्रेट-नाइट्राइट-नाइट्रिक ऑक्साइड प्रक्रिया (या एंटरोसैलिवरी प्रक्रिया) कहलाती है। यह एक उदाहरण है कि बैक्टीरिया कैसे शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



## ट्रेंड

### दैवीय शक्ति की उपासना



दैवीय शक्ति की उपासना को समर्पित नवरात्रि पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। माँ जगदम्बा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो, तथा राष्ट्रीय एकता और प्रगति का संकल्प और सुदृढ़ हो।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जनता की आवाज़



'मोगैंबो मोदी' ने चुनाव में धांधली करके और जनता की आवाज़ को दबाकर भारत के लोकतंत्र की नींव को बर्बाद कर दिया है। वे चाहे कितना भी डराने-धमकाने की कोशिश कर लें-मोदी यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका खेल, जो पिछले 10-15 सालों से चल रहा था, अब खत्म हो चुका है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सपनों की उड़ान



हरियाणा की बेटी अर्शिया गोस्वामी ने साबित कर दिखाया है कि सपनों की उड़ान उम्र की मोहताज नहीं होती! धाकड़ बेटी ने 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में सबसे कम उम्र की डेडलिफ्टर के रूप में अपनी पहचान बनाई है।
- नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

### विपक्ष का दबाव



जब विपक्ष का दबाव बहुत ज़्यादा बढ़ा, तो रातों-रात सारी व्यवस्थाएँ हटा दी गईं। यह सरकार किसी मटके की तरह लुढ़कती रहती है, एक किनारे से दूसरे किनारे, कभी यहां, तो कभी वहां।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# शंघाई मास्टर्स : गेआ ने किया उलटफेर, शेल्टन को हराकर चौथे राउंड में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| शंघाई

फ्रांसीसी क्वालीफायर आर्थर गेआ ने रविवार को शंघाई मास्टर्स में अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने चौथे नंबर के बेन शेल्टन को सीधे सेटों में हराकर टॉप 10 में शामिल किसी खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत हासिल की और टूर्नामेंट के चौथे राउंड में पहुंच गए।

21 साल के इस खिलाड़ी ने अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 7-6 (3) से जीत हासिल की और साल के दूसरे सबसे बड़े एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपने शानदार सफल सीजन को आगे बढ़ाने के लिए दो करीबी टाई-ब्रेक में धैर्य दिखाया। मास्टर्स 1000 इवेंट के मेन-ड्रॉ में डेब्यू करते हुए गेआ ने इस मौके पर ज्यादा परेशान होने का कोई संकेत नहीं दिया। शुरुआती सेट में दो बार ब्रेक का फायदा गंवाने के बावजूद, फ्रांसीसी खिलाड़ी ने मुकाबला टाई-ब्रेक तक पहुंचने पर अपना धैर्य बनाए रखा और इसे 7-5 से जीतकर शुरुआती बढ़त बना ली।

### गेआ ने शुरू में बनाया ब्रेक का मौका

दूसरे सेट में भी ऐसा ही तनावपूर्ण पैटर्न रहा। गेआ ने शुरू में ब्रेक का मौका बनाया, लेकिन बाद में सातवें गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। उन्होंने तुरंत शेल्टन की सर्विस तोड़कर जवाब दिया, जिससे यह पक्का हो गया कि कोई भी खिलाड़ी निर्णायक बढ़त हासिल नहीं कर सका और एक और टाई-ब्रेक की जरूरत पड़ी। अंतिम सेट में गेआ ज्यादा भरोसेमंद खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने दूसरा टाई-ब्रेक 7-3 से जीतकर सीधे सेटों में जीत हासिल की और अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की।



### जुलाई में जीता था पहला एटीपी टूर टाइटल

यह नतीजा उस सीजन में एक और बड़ी कामयाबी है, जिसमें गेआ ने तेजी से खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के तौर पर स्थापित किया है, जिस पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने जुलाई में लॉस कैबोस एटीपी 250 टूर्नामेंट में अपना पहला एटीपी टूर टाइटल जीता, इससे पहले कि वह लकी लूजर के तौर पर यूएस ओपन के चौथे राउंड में अचानक पहुंच गए। न्यूयॉर्क में उनका अभियान बोटिक वैन डे जैंडशुल्प के खिलाफ पांच सेट के मुकाबले के बाद खत्म हुआ। जीत के साथ आर्थर गेआ शंघाई मास्टर्स के अंतिम 16 में पहुंच गए हैं। वह पहली बार अंतिम 16 में पहुंचे हैं। चौथे राउंड में उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो या चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी जैकब मेन्सिक से होगा।

### वुहान ओपन से बाहर हुई नोस्कोवा

वर्ल्ड नंबर 6 खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा ने बाएं पैर की पिंडली में चोट के कारण 'वुहान ओपन' से हटने की घोषणा की है। चूंकि, विंबलडन चैंपियन नोस्कोवा ने मुकाबलों का शुरुआती शेड्यूल जारी होने से पहले ही नाम वापस ले लिया, इसलिए नंबर 9 सीड बेलिंडा बेनसिक ड्रॉ की लाइन 48 पर नोस्कोवा की जगह लेंगी और उन्हें सीधे दूसरे राउंड में 'बाय' मिलेगा। इसके बाद, सीडेड होने वाली अगली उपलब्ध खिलाड़ी अन्ना कलिनस्काया ड्रॉ में लाइन 9 पर बेनसिक की जगह लेंगी और पहले राउंड में झांग शुआई का सामना करेंगी। कलिनस्काया की मूल जगह पर कल खेल शुरू होने से पहले एक 'लकी लूजर' को शामिल किया जाएगा।



## तीसरे टी-20: सीरीज में भारत ने 2-1 की बढ़त बनाई

# अभिषेक-अर्शदीप चमके, भारत ने वेस्टइंडीज को 14 रन से हराया

**अर्शदीप 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे**

एजेंसी ▶▶| इंदौर

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के तेजतर्रार अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। भारत के 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम शिमरोन हेटमायर (43 रन, 26 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और कामिल पूरन (42 रन, 27 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) की उम्दा पारियों के बावजूद सात विकेट पर 209 रन ही बना सकी। शमार स्प्रिंगर (11 गेंद में नाबाद 35, चार छक्के, दो चौके) ने अंत में तूफानी पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। भारत की ओर से अर्शदीप ने 44 रन पर तीन जबकि नमन धीर ने 39 रन पर दो विकेट चटकाए। वेस्टइंडीज के




मौजूदा भारत दौरे पर यह पहला मौका है जब कोई टीम लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही है। अभिषेक की 30 गेंद में पांच छक्कों और छह चौकों से 69 रन की पारी के बावजूद भारतीय टीम पारी की अंतिम गेंद पर 223 रन पर सिमट गई।

**भारत-223/10 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का पूरन बो जोसेफ | 03 |
| अभिषेक का एवं बो स्प्रिंगर | 69 |
| इशान किशन स्टं होप बो चेस | 37 |
| श्रेयस अय्यर पगबाधा बो चेस | 01 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 28 |
| नमन धीर स्प्रिंगर बो मोती | 10 |
| नितीश रेड्डी का होप बो पॉल | 21 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 20 |
| अर्शदीप पगबाधा बो स्प्रिंगर | 11 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 13 |
| मयंक यादव बो जोसेफ | 00 |
| अतिरिक्त:10 | |

कुल :20 ओवर में सभी विकेट खोकर: 223 रन
गेंदबाजी: चेस 4-0-38-2, जोसेफ 4-0-54-2, पॉल 4-0-38-1, स्प्रिंगर 4-0-50-2, मोती 4-0-37-1

**वेस्टइंडीज-209/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शाई होप बो अर्शदीप | 05 |
| कामिल का अर्शदीप बो नमन | 42 |
| शिमरोन हेटमायर बो नमन | 43 |
| रोवमैन का किशन बो अक्षर | 05 |
| शेरफेन रदरफोर्ड बो अर्शदीप | 32 |
| क्वेंटिन का तिलक बो रेड्डी | 21 |
| कीमो का तिलक बो अर्शदीप | 10 |
| शमार स्प्रिंगर नाबाद | 35 |
| रोस्टन चेस नाबाद | 05 |
| अतिरिक्त: 11 | |

कुल:20 ओवर में सात विकेट पर 209 रन
गेंदबाजी: मयंक 4-0-34-0, अर्शदीप 4-0-44-3, प्रिंस 4-0-37-0, नमन 3-0-39-2, अक्षर 3-0-33-1, रेड्डी 2-0-19-1




# रणजी ट्रॉफी : पहले दिन भारत के टेस्ट बल्लेबाज फ्लॉप

**जायसवाल डक पर आउट, राहुल ने बनाए सिर्फ चार रन**

मुंबई। रणजी ट्रॉफी का 11 अक्टूबर को आगाज हो गया है। देश के 18 वेन्यू पर मुकाबले खेले जा रहा है, जिसमें भारत के कई स्टार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से कुछ अनुभवी टेस्ट खिलाड़ियों की अपने-अपने मैचों में शुरुआत खराब रही। वे पहले दनि फ्लॉप रहे। मुंबई और मुलापाडु में खेले जा रहे मैचों में भारत के ओपनर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल अपनी-अपनी पारियों के शुरुआती घंटे में ही आउट हो गए। दोनों का ही बल्ला शांत रहा। वानखेड़े स्टेडियम में चंडीगढ़ के खिलाफ मुंबई के लिए ओपनिंग करते हुए जायसवाल 13 गेंदों का सामना करने के बाद भी बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि आंध्र प्रदेश के खिलाफ राहुल चार रन पर आउट हुए। इस मैच में पिछले साल की रनर-अप टीम कर्नाटक को तेज गेंदबाजों कावुरी साईतेजा और केवी शशिकांत ने शुरुआती झटके देते हुए चार विकेट चटकाए। पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के लिए 73 गेंदों पर 70 रन बनाए। मुंबई के उप-कप्तान आयुष म्हात्रे 48 रन बनाए।

### शमी की शानदार शुरुआत

*दूसरी ओर बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक बार फिर दखिा दिया कि उनके अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। शमी और आकाश दीप ने दिल्ली के खिलाफ़ शानदार शुरुआत की और विकेट लिए और ओपनर्स को जल्दी आउट कर दिया।*

### अरुणाचल प्रदेश-नगालैंड मैच रद

*शुरुआती दौर के 18 मैच चल रहे थे, तभी अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड के बीच होने वाला 'प्लेट ग्रुप' मैच रद्द कर दिया गया। अरुणाचल एसोसिएशन में चल रहे कानूनी विवाद की वजह से अहमदाबाद में होने वाले मैच के लिए टीम नहीं बन पाई। एसोसिएशन ने 'विनू मांकड़ अंडर-19 ट्रॉफी' के लिए भी कोई टीम नहीं उतारी थी, जो गुरुवार को भुवनेश्वर में शुरू हुई थी। बीसीसीआई ने अरुणाचल के विरोधी टीम को पहले ही बता दिया है कि जब तक गुवाहाटी हाई कोर्ट की ईटानगर बेंच गुटों के बीच चल रहे विवाद पर कोई फैसला नहीं सुना देती, तब तक राज्य की यूनिट शायद कोई टीम नहीं उतार पाएगी।*

## आईएसएसएफ वर्ल्ड कप

# उदयवीर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता गोल्ड मेडल

एजेंसी ▶▶| काहिरा



उदयवीर सिद्धू ने आईएसएसएफ राइफल/ पिस्टल विश्व कप की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चौबीस वर्षीय उदयवीर ने फाइनल में 240.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उदयवीर ने जर्मनी के क्रिस्टियन रिट्ज (240.1) को 0.5 अंक से पछाड़ा, जिन्होंने रजत पदक जीता। इटली के पाओलो मोन्ना (219.8) ने कांस्य पदक जीता। उदयवीर ने अंतिम चरण में दबाव के बीच संयम बनाए रखा। आखिरी दो शॉट से पहले वह रिट्ज से 0.3 अंक पीछे थे लेकिन भारतीय निशानेबाज ने 10.2 और 9.8 अंक के शॉट लगाए। वहीं, रिट्ज के दोनों शॉट में 9.6 अंक के रहे, जिससे उदयवीर ने आखिरी शॉट पर जीत दर्ज की।

उदयवीर ने इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में 585 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने छह सीरीज में 99, 98, 98, 97, 97, 96 अंक जुटाए। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय निशानेबाज जोनाथन गेविन एंटनी क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। उन्होंने शीर्ष पर रहे पाओलो के समान अंक जुटाए थे।भारत के अजेंद्र सिंह चौहान (580 अंक) और सरबजोत सिंह (574 अंक) क्वालीफिकेशन में क्रमशः 14वें और 31वें स्थान पर रहे और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे कुमार योगेश ने 573 अंक जुटाए।

## खबर संक्षेप

### मेस्सी ने क्लब मैच में बिखेरी चमक



**मियामी।** अर्जेंटीना की तरफ से आखिरी मैच खेलने के बाद लियोनेल मेस्सी ने क्लब स्तर पर दो गोल करके अपनी चमक बिखेरी, जिससे इंटर मियामी ने मेजर सॉकर लीग में डीसी यूनाइटेड को 4-0 से हराया। लुई सुआरेज़ ने दो गोल किए जबकि जर्मन बर्तेरामे ने दो गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने पिछले पांच मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला तोड़ दिया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर डटे रहे। उनके अब इस टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में 23 गोल हो गए हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के सर्वाधिक गोल हैं।

### यूनिसेफ की 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' बनीं स्मृति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना को यूनिसेफ इंडिया ने अपने 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' के रूप में नामित किया है।

यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर की गई, जो लड़कियों के अधिकारों, सुरक्षा, नेतृत्व और क्षमता पर ध्यान आकर्षित करता है। इसके साथ ही उन बाधाओं की भी पहचान करता है, जो उनके विकल्पों को सीमित करते हैं।

**तेंदुलकर ने किया नियुक्ति का स्वागत :** लंबे समय से दक्षिण एशिया के यूनिसेफ के क्षेत्रीय दूत के रूप में कार्य कर रहे दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मंधाना की नियुक्ति का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, ' स्मृति मंधाना यूनिसेफ इंडिया परिवार में आपका स्वागत है। आप मैदान पर लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैदान के बाहर आप बच्चों के अधिकारों के लिए बुलंद आवाज बनोगी।'

**हर सपना एक अवसर से शुरू: स्मृति**

मंधाना ने कहा, 'यूनिसेफ इंडिया में सेलिब्रिटी एडवोकेट के रूप में शामिल होकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं क्रिकेट खेलते हुए बड़ी हुई हूं और मुझे यह अच्छी तरह से पता है कि हर सपना एक अवसर से शुरू होता है।'



# यश-गुरजपनीत और निशांत की तिकड़ी ने पलटी हारी हुई बाजी

**भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे वनडे में 49 रनों से हराया**

एजेंसी ▶▶| पुदुचेरी

भारत-ए ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे अनौपचारिक वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया-ए को 49 रनों से हराया। यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह और निशांत सिंधु की तिकड़ी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए भारत के लिए हारी हुई बाजी को पलटा।

भारत-ए से मिले 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया-ए की पूरी टीम 46.2 ओवर में 226 रन बनाकर ऑलआउट हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को जोश फिलिप्स और लियाम स्कॉट ने सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़े। स्कॉट 26 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, फिलिप्स 48 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 56 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटे।



### भारतीय गेंदबाजों ने की जबरदस्त वापसी

ऑस्ट्रेलिया की टीम एक समय पर 177 के स्कोर पर 3 विकेट खोकर मजबूत स्थिति में नजर आ रही थी, लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम को 226 रनों पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अगले आखिरी 7 विकेट महज 49 रन जोड़कर गंवाए। यश ठाकुर और निशांत सिंधु ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि गुरजपनीत सिंह ने 56 रन देकर 3 विकेट निकाले।

### आर्या और प्रभसिमरन ने की 83 रन की साझेदारी

इससे पहले, भारत के पूरी टीम 47.3 ओवर में 275 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और भारत-ए को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत-ए की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 10.4 ओवर में 83 रन की साझेदारी की। प्रभसिमरन ने 39 रन बनाए। प्रियांश 49 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 57 गेंदों में 33 रन बनाकर मिचेल ओवेन का शिकार बने। रजत पाटीदार सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए। निशांत सिंधु भी 5 रन ही बना पाए। सूर्यांश शेडगे और विपराज निगम ने सातवें विकेट के लिए 85 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। विपराज ने 40 रन और सूर्यांश ने अर्धशतक जमाया। ऑस्ट्रेलिया-ए की तरफ से गेंदबाजी में विल सदरलैंड और बेन ड्वार्शुइस सबसे सफल रहे। दोनों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। लियाम स्कॉट ने 26 रन देकर 2 विकेट झटके।

## वनडे सीरीज में कीवी टीम पहनेगी विशेष जर्सी

# इंडिया-न्यूजीलैंड की 100 साल की दोस्ती का जश्न

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला के दौरान कमल के फूलों और मंडला कलाकृति वाली विशेष जर्सी पहनेगी, जो दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने का प्रतीक है।

इस जर्सी को 'कोताहितांगा' नाम दिया गया है, जो दोनों देशों के के क्रिकेट प्रेम और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका डिजाइन न्यूजीलैंड और भारत के साझा इतिहास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### *22 अक्टूबर से शुरू होगा न्यूजीलैंड दौरा*

*भारत का न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर को 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 4 नवंबर से 5 वनडे मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वनडे श्रृंखला के बाद 2 टेस्ट मैच की श्रृंखला होगी।*




### थॉमसन, नारंदास और पंचा ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि इस जर्सी को तैयार करने में कलाकार बेन थॉमसन, शिव नारंदास और जय पंचा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नारंदास और पंचा ने तीन भारतीय प्रतीकों का एकीकृत तत्वों के रूप में इस्तेमाल किया है। इनमें भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल, भारतीय वास्तुकला से जुड़ा ओगी पैटर्न और मंडला कलाकृति शामिल है।

**माओरी डिजाइन से मेल खाती मंडला कलाकृति :** मंडला कलाकृति माओरी डिजाइन प्रणालियों से मेल खाती है। थॉमसन ने पारंपरिक माओरी अमूर्त चित्रित स्क्रॉल डिजाइन और प्रतीकों (कोवाईवाई) को हेहे रेखाओं की पृष्ठभूमि पर बुना है, ताकि जीवित लोगों को दिवंगत लोगों से जोड़ा जा सके, राष्ट्रों के बीच संबंध बनाने वाले लोगों को सम्मान दिया जा सके तथा खिलाड़ियों, प्रशंसकों और पृष्ठभूमि में काम करने वाले लोगों के महत्व को दिखाया जा सके।

# रणजी ट्रॉफी में हिमाचल ने पहले दिन सात विकेट पर 153 रन बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

रणजी ट्रॉफी के अंतर्गत रोहतक के चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (लाहली) में हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक हिमाचल प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट के नुकसान पर 153 रन बना लिए हैं। खराब रोशनी के कारण पहले दिन का खेल समय से पहले रोकना पड़ा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हिमाचल प्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही। हरियाणा के तेज गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए शुरुआती ओवरों में ही मेहमान टीम को दबाव में ला दिया। टीम ने मात्र 11 रन के स्कोर पर अपने शुरुआती विकेट गंवा दिए थे। मुश्किल समय में इनेश महाजन (38 रन), कप्तान पुखराज मान (29 रन) और नेहल वधेरा (16 रन) ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दिन का खेल खत्म होने तक आकाश वशिष्ठ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 49 रन बनाकर नाबाद क्रीज पर डटे हुए हैं, और अपने अर्धशतक से मात्र 1 रन दूर हैं। उनके साथ अर्पित गुलेरिया (8 रन) खेल रहे हैं। हरियाणा की ओर से गेंदबाजी में अंशुल कंबोज सबसे सफल रहे, जिन्होंने

**हरियाणा के अंशुल ने झटके चार विकेट**



18 ओवरों में 32 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। इसके अलावा अमन कुमार और सामंत जाखड़ ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। मैच के दूसरे दिन हिमाचल की कोशिश स्कोर को आगे ले जाने की होगी, वहीं हरियाणा बाकी बचे 3 विकेट जल्दी गिराना चाहेगा।

## यमन में भीषण जंग,1150 हूती विद्रोहियों की मौत

**अदन।** यमन की सरकारी सेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में देश के अलग-अलग मोर्चों पर किए गए 1,900 से अधिक हमलों में 1,150 से ज्यादा हूती लड़ाके मारे गए हैं। दोनों पक्षों के बीच लड़ाई लगातार तेज होती जा रही है।



मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक अभियानों में हूतियों के हथियार भंडार, सैन्य शिविर, किलेबंदी, तोपखाने की चौकियां, सैनिक जमावड़े को निशाना बनाया गया। हमले यमन के पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी मोर्चों पर किए गए।

### महाराष्ट्र में फिर केतन जैसा हत्याकांड

# प्रेमी ने प्रेमिका को खाई में धकेलकर मारा डाला

एजेंसी ▶▶ कोल्हापुर

महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में 23 वर्षीय तरन्नुम बशीर नाईक की हत्या का मामला सामने आया है। आरोप है कि शादी तय होने के बाद प्रेम संबंध खत्म करने की बात पर 25 वर्षीय श्रीपाद दिनकर वडू ने उसे नाईकवाडी के पास गहरी खाई में धकेल दिया। महाराष्ट्र के पुणे से बीते महीनों एक दर्दनाक कहानी सामने आई थी। जहां प्रेमिका सिया ने अपने प्रेमी केतन को लोहागढ़ किला से धक्का देकर मार डाला था। वहीं ऐसा ही मामला अब कोल्हापुर जिले से आया है। बस अंतर इतना है कि यहां प्रेमी ने प्रेमिका को गहरी खाई में धक्का देकर मार डाला। घटना के बाद आरोपी ने कथित तौर पर युवती के लापता होने की कहानी बताई और खुद भुदरगड पुलिस स्टेशन पहुंच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी से पूछताछ की तो उसने युवती को खाई में धकेलने की बात स्वीकार कर ली।

### मुंबई में पहले 11 बार के लाइसेंस भी किए गए थे निलंबित

# ठाणे के ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा, 12 गिरफ्तार, 16 महिलाओं को बचाया

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में पुलिस ने एक ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा मारकर 16 महिलाओं को बचाया और बार के कर्मचारियों समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान अवैध देशी और विदेशी शराब के साथ नकदी भी जब्त की गई। पुलिस के महिला शोषण रोधी प्रकोष्ठ ने यह कार्रवाई नवघर रोड स्थित बार में की। पुलिस अधिकारी के अनुसार, प्रकोष्ठ को सूचना मिली थी कि बार में नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और अश्लील कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। मामले में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की संबंधित धाराओं और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इससे पहले जुलाई में मुंबई अपराध शाखा ने ऑर्केस्ट्रा



बार की आड़ में कथित रूप से अवैध डांस बार चलाने वाले 11 प्रतिष्ठानों के सार्वजनिक मनोरंजन लाइसेंस 30 दिनों के लिए निलंबित किए थे। इन पर निर्धारित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रमों के बजाय डांस बार संचालित करने और लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप थे। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में महिला कलाकारों के अश्लील इशारे करने और ग्राहकों के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क के आरोप भी सामने आए थे।

# एनआईए ने आतंकी साजिश मामले में एक और को पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**आरोपी के पास से फोन और मेमोरी कार्ड सहित कई डिजिटल उपकरण जब्त किए**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) से जुड़े एक अन्य संगठन द्वारा रचे गए आतंकी षड्यंत्र के सिलसिले में पश्चिम बंगाल से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एनआईए के बयान के अनुसार, शनिवार को गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से मोबाइल फोन और मेमोरी कार्ड सहित कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं। इस मामले में 29 सितंबर को असम, बंगाल और केरल में 16 स्थानों पर तलाशी के बाद 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसी ने कहा कि एनआईए की जांच में प्रतिबंधित संगठन जेएमबी से जुड़े संगठन इमाम महमूदर काफिला (आईएमके) द्वारा रचे गए षड्यंत्र में आरोपियों की संलिप्तता का पता चला है।

### एक्स पर भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे आंतरिक मामलों में संयुक्त राष्ट्र की बेवजह दखलंदाजी बताया

# यह हमारा आंतरिक मामला, नसीहत की जरूरत नहीं', सीजेपी प्रोटेस्ट पर यूएन की टिप्पणियों को भारत ने किया खारिज




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई गिरफ्तारियों पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चिंताओं को भारत सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे भारत के आंतरिक मामलों में बेवजह दखलंदाजी बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को स्पष्ट किया कि भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई की है।

> भारत ने कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन में हुई गिरफ्तारियों पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चिंताओं को खारिज कर दिया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां नागरिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा की जाती है

**भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा करना अच्छी तरह जानता है**

**यह दोहरा रवैया बेहद चिंताजनक है: जायसवाल**

### संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था का रुख बेहद पक्षपातपूर्ण

रणधीर जायसवाल ने विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिक्रिया देने के मामले में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था के 'चुनिंदा रवैये' की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक बयान जारी करने के मामले में का रुख बेहद पक्षपातपूर्ण रहा है। भारत के पड़ोसी देशों में प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसक कार्रवाइयों पर संस्था ने चुप्पी साधे रखी और जिनेवा स्थित अपने मुख्यालय के पास हुई पुलिसिया कार्रवाइयों पर भी कोई टिप्पणी नहीं की।

### *बहुपक्षवाद और संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल*

*प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय मंचों द्वारा अपनाया जाने वाला यह दोहरा रवैया बेहद चिंताजनक है। जायसवाल ने कहा कि इस तरह के दोहरे मापदंड न केवल मानवाधिकार निकाय की अपनी विश्वसनीयता और साख को नुकसान पहुँचाते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर बहुपक्षवाद में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के भरोसे को भी कमजोर करते हैं।*

### यूएन की चिंता और रिहाई की मांग

ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने दिल्ली में सीजेपी प्रदर्शन के दौरान नेताओं, पत्रकारों और वकीलों की गिरफ्तारियों पर चिंता जताई थी। प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने अधिकारियों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का सम्मान करने, संयम बरतने और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए लोगों को बिना शर्त तुरंत रिहा करने का आग्रह किया था, जिसके बाद विदेश मंत्रायल की यह प्रतिक्रिया सामने आई है।

### सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

# पत्थर के नीचे छिपा हथियारों और विस्फोटों का जखीरा हुआ बरामद

एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षाबलों ने गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह बरामदगी सोपोर के मुकाम चेरहार इलाके के जंगल में तलाशी अभियान के दौरान हुई। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यूएपीए, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। सोपोर पुलिस को हथियारों और संदिग्ध सामग्री के छिपाए जाने की विशेष खुफिया सूचना मिली थी। इसी आधार पर जंगल में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक बड़े पत्थर के नीचे छिपाकर रखा गया नीले रंग का ड्रम और एक बैग मिला।



### *हथियार, गोला-बारूद बरामद*

*इनमें हथियार, गोला-बारूद, हैंड ग्रेनेड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस आईईडी और उनसे जुड़ी सामग्री रखी गई थी। बरामदगी में दो असॉल्ट राइफलें (एके-47 और एके-76), सात मैगजीन और कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा चार पिस्तौल, चार मैगजीन व कारतूस, पांच राउंड के साथ एक मल्टी-ग्रेनेड लॉन्चर एमजीएल और 11 हैंड ग्रेनेड, रिमोट कंट्रोल के साथ तीन आईईडी, आठ डेटोनेटर, दो टाइमर, वाई-एसएमएस सेट, प्राइमाकॉर्ड, तार, बैटरी सेल और आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण भी बरामद किए गए।*

### सभी सामग्री को कब्जे में लिया

पुलिस ने बताया कि बरामद सामग्री को सभी जरूरी सुरक्षा उपायों और कानूनी प्रक्रिया के तहत कब्जे में ले लिया गया है। सोपोर के पुलिस स्टेशन बोमई में एफआईआर नंबर 66/2026 दर्ज की गई है। इसमें यूएपीए की धारा 13, 18, 20 और 23, आर्म्स एक्ट की धारा 7/25 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 लगाई गई हैं। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार और विस्फोटक किसने छिपाए थे, इनका स्रोत क्या है और क्या इनका किसी आतंकी संगठन से संबंध है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### होर्मुज में दस दिन में हुईं 13 घटनाएं

# तेल टैंकर समुद्री माइन से टकराया जहाज में आग लगी, हताहत नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान

होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरा गया। इसके बाद जहाज में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हालांकि, उन्होंने जहाज की पहचान और वह किस देश का है यह नहीं बताया।

उन्होंने कहा, इन गतिविधियों से पता चलता है कि ईरान समुद्री रास्तों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखना चाहता है और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर दबाव बनाए रखना चाहता है।



**जहाज पर हुआ था हमला:** भारत ने 6 अक्टूबर को ओमान के पास होर्मुज स्ट्रेट में पनामा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज पर हमले की निंदा की थी। हमले में 12 क्रू मेंबर घायल हुए थे, जिनमें 11 भारतीय थे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जहाज एमटी ऑन पीस ओमान के तट से गुजर रहा था।

# एलन मस्क ने किया ऐलान : भारत में सस्ता उपलब्ध कराएंगे स्टारलिंक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तकनीकी क्षेत्र के दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क ने कहा कि भारत में स्टारलिंक की सेवाएं किफायती रखनी होंगी क्योंकि बहुत अधिक महंगा होने पर इसे कोई नहीं खरीदेगा। इसके साथ ही उन्होंने तर्क दिया कि प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प मिलेंगे। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मस्क की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई, जब रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स देश के अब तक के सबसे बड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारी कर रही है।



मस्क ने कहा कि हकीकत यह है कि प्रतिस्पर्धा से भारत के आम नागरिकों को हमेशा की तरह अधिक विकल्प मिलने से काफी फायदा होगा। अंबानी का मुनाफा भले कम हो जाए, लेकिन उनका कारोबार बंद नहीं होने वाला।'' उन्होंने आगे कहा, ''जाहिर है, अगर स्टारलिंक भारत में बहुत महंगा होगा तो इसे कोई नहीं खरीदेगा, इसलिए स्पेसएक्स को इसकी कीमतें किफायती रखनी होंगी।'' उसी पोस्ट में मस्क ने भारत में स्टारलिंक के प्रवेश को लेकर मुकेश अंबानी पर अपना हमला तेज करते हुए उनके समर्थकों पर 'बेतुके पाखंड और अतिशयोक्ति' का आरोप लगाया।

## ईरान से युद्ध समाप्त करने के लिए ट्रंप ने रखी शर्त

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका चाहे तो अभी ईरान में अपनी सैन्य भागीदारी खत्म कर सकता है, अगर पक्की गारंटी मिल जाए कि ईरान भविष्य में कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा। जॉइंट बेस एंड्रयूज में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा, हम अभी वहां से निकल सकते हैं लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में उनके पास परमाणु हथियार न हों और हम यह सुनिश्चित करेंगे।

# नेपाल: बूढ़ी गंडकी नदी में बाढ़, पुल-घर बहे, 10 लापता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के गोरखा जिले में रविवार सुबह बूढ़ी गंडकी नदी में अचानक बाढ़ आने से कई गांवों को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ में करीब 35 घर और 6 पुल बह गए, जबकि कम से कम 10 लोग लापता हैं।

उनकी तलाश की जा रही है। बाढ़ से 341 मेगावाट के बूढ़ी



गंडकी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का निर्माण कैंप और कई मशीनें भी बह गईं। बाढ़ का पानी सुबह करीब 4 बजे बस्तियों में घुसा, जिसके बाद लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ऊंचे पहाड़ी इलाके में भूस्खलन के कारण चुन्चुब्री स्यारी नदी का रास्ता बंद हो गया था। इससे पानी जमा हुआ और फिर अचानक तेज बहाव के साथ नीचे आया। इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में आई बाढ़ में 1455 लोगों की मौत हुई थी। साथ ही 5,285 लोग अब भी लापता हैं।

### भारतीय दूतावास ने रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए भारतीयों पर जानकारी दी

# भारतीय नागरिकों की घर वापसी, रूसी ड्रोन हमले के बाद बचाए गए तीन नाविक रोमानिया से रवाना

एजेंसी ▶▶ बुखारेस्ट

रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में भारतीय दूतावास ने रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए भारतीयों पर जानकारी दी है। दूतावास ने बताया कि सोमवार को काला सागर में तुर्की के कार्गो जहाज एमवी रोयाद मम्मादोव पर हुए हमले के बाद बचाए गए तीन भारतीय नागरिक भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मिशन ने शनिवार को बताया, 3 भारतीय नागरिक साहिल संधू, अश्विनी कुमार और हरमन सिंह शनिवार को भारत के लिए रवाना हो गए है।

### समुद्री सीमा के बाहर काला सागर में हमला हुआ था



रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए तीन भारतीय नागरिक

### दूतावास ने भारतीयों की वापसी में मदद की

दूतावास ने उनकी वापसी में मदद के लिए हर जरूरी सहायता और सहयोग प्रदान किया। बयान में कहा गया है कि हम रोमानियाई अधिकारियों, कॉन्स्टैंटा काउंटी अस्पताल और रोमानियाई बचाव दलों का उनकी बहुमूल्य मदद, सहयोग और समर्थन के लिए दिल से आभार व्यक्त करते हैं। बता दे कि तुर्की की एक कंपनी के इस जहाज पर जो यूक्रेन के इजमेल बंदरगाह से इटली के रेवेना तक मक्का ले जा रहा था सोमवार को रोमानिया की समुद्री सीमा के बाहर काला सागर में हमला हुआ। इस घटना में दो विदेशी नाविकों की मौत हो गई और कई कू सदस्य घायल हो गए। इसमें सभी तीन भारतीय नागरिक बच गए। हालांकि एक घायल हो गया था और उसे रोमानिया में इलाज मिला।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28